

Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित



प्रधानमंत्री मोदी ने मोटापे के खिलाफ अभियान ....01 | Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in | दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने विधानसभा में पेश की ......01

वर्ष: 02 अंक: 221 | बदायूं, बुधवार 26 फरवरी 2025 | पृष्ठ- 08 | मूल्य- 4.00 रूपये


### प्रधानमंत्री मोदी ने 10 हस्तियों को किया नामित

# पीएम मोदी ने मोटापे के खिलाफ अभियान शुरू



**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ जागरूकता अभियान आगे बढ़ाने के लिए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उद्योगपति आनंद महिंद्रा और अभिनेता मोहनलाल सहित विभिन्न क्षेत्रों की 10 हस्तियों को नामित किया है। उमर अब्दुल्ला ने पीएम के अभियान से जुड़ने पर खुशी जताई। पीएम ने एक दिन पहले ही मन की बात कार्यक्रम में लोगों से तेल का इस्तेमाल 10 फीसदी घटाने का आह्वान करते हुए कहा था कि वह 10 लोगों को इस अभियान से जुड़ने का चौलेंज देंगे।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं मोटापे के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने और भोजन में तेल की खपत को कम करने के बारे में जागरूगकता फैलाने के लिए कुछ लोगों को नामित करना चाहूंगा। मैं उनसे यह भी अनुरोध करता हूं कि वे आगे ऐसे 10 और लोगों को नामित करें, ताकि हमारा आंदोलन बड़ा हो सके।

पीएम ने भोजपुरी गायक-अभिनेता निरहुआ, निशानेबाज मनु भाकर, भारोत्तोलक मीराबाई चानू, इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि, अभिनेता आर माधवन, गायिका श्रेया घोषाल, सामाजिक कार्यकर्ता और सांसद सुधा मूर्ति को भी नामित किया है। नंदन नीलेकणि ने कहा कि इस अभियान से सेहत दुरुस्त होने के साथ आयात पर निर्भरता घटने और मूल्यवान संसाधनों की बचत होने से देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

पीएम की पोस्ट पर उमर अब्दुल्ला ने लिखा कि उन्हें इस अभियान का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। आगे 10 अन्य लोगों को चौलेंज भी किया, जिनमें बायोकॉन की प्रबंध निदेशक किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति सज्जन जिंदल, अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, पूर्व टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा, पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान, सांसद सुप्रिया सुले और पूर्व वुशु खिलाड़ी कुलदीप हांडू शामिल हैं। उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने पीएम की पोस्ट पर लिखा, 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए हमें न केवल एक मजबूत अर्थव्यवस्था की जरूरत है, बल्कि एक स्वस्थ आबादी की भी जरूरत है। खाद्य तेल का कम इस्तेमाल सेहत के साथ-साथ आपकी जेब के लिए भी फायदेमंद होगा। उन्होंने अनिल कपूर, गुल पनाग और पीवी सिंधु सहित 10 हस्तियों को नामित किया।

# सपा नेता आजम खां परिवार को बड़ी राहत, 17 माह बाद जेल से रिहा हुए अब्दुल्ला आजम

## उनके आवास पर समर्थकों का लगा जमाबाड़ा



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां के परिवार को बड़ी राहत मिली है। आजम के बेटे अब्दुल्ला आजम खां की हरदोई जेल से रिहाई हो गई है। वह काफिले के साथ रामपुर के लिए रवाना हो गए हैं। वह जब रामपुर अपने आवास पर पहुंचे तो उनके समर्थकों का जमाबाड़ा लग गया।

अब्दुल्ला आजम खां की 42 मामलों में जमानत होने के बाद सोमवार को कोर्ट से रिहाई के परवाने जारी हुए थे। रिहाई के परवाने मिलते ही हरदोई जेल प्रशासन ने मंगलवार को दोपहर में अब्दुल्ला को जेल से रिहा कर दिया। वह 17 माह तीन दिन जेल में रहे थे।

सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अब्दुल्ला आजम की रिहाई हो चुकी है, कुछ देर में वह रामपुर पहुंच जाएंगे।

शत्रु संपत्ति की जमीन के रिकार्ड में हेराफेरी के मामले में सपा नेता आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा और बड़े बेटे अदीब आजम व उनकी बहन निकहत अखलाक सोमवार को कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने अब 5 मार्च तक के लिए अंतरिम जमानत स्वीकार कर ली है। शत्रु संपत्ति के अभिलेखों में रिकार्ड रूम के सहायक अभिलेखपाल मोहम्मद फरीद की ओर से सिविल लाइंस थाने में 9 मई 2020 को लखनऊ के पीरपुर हाउस निवासी सैयद आफाक अहमद व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें शत्रु संपत्ति के अभिलेखों में हेराफेरी करने का आरोप है। दरअसल, यह मामला मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी परिसर के अंतर्गत आने वाली भूमि का है, जो कि इमामुद्दीन कुरैशी पुत्र बदरुद्दीन कुरैशी के नाम दर्ज थी। इमामुद्दीन कुरैशी वर्ष 1947- 48 में भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए थे और यह संपत्ति शत्रु संपत्ति के रूप में सन 2006 में भारत सरकार के कस्टोडियन विभाग के अंतर्गत दर्ज कर ली गई थी।

## एक नजर

### विधानसभा से आप के 21 विधायक तीन दिन को सस्पेंड

**दिल्ली।** विधानसभा स्पीकर ने सदन की तीन सिटिंग के लिए विपक्ष के 21 विधायकों को सस्पेंड किया। इसमें आज का दिन भी शामिल है। अब सोमवार तक सदन की कार्रवाई में शामिल नहीं हो सकेंगे। इसमें आम आदमी पार्टी के सभी विधायक शामिल हैं। विधानसभा का सत्र 2 दिन और बढ़ाया गया है। शुक्रवार और सोमवार को भी सदन चलेगा। शुक्रवार को दोपहर 2 बजे और सोमवार को सुबह 11 बजे बैठक शुरू होगी।

फरीदाबाद में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 28 फरवरी को रोड शो करेंगी। शुक्रवार को सुबह 9 बजे बल्लभगढ़ पहुंचेंगीं। बल्लभगढ़ की चावला कालोनी से 100 फुट रोड से होते हुए भगत सिंह कालोनी बोहरा रोड तक किया जाएगा। रोड शो का आयोजन भाजपा से मेयर पद की प्रत्याशी प्रवीण बतरा जोशी और वार्ड 41 में पार्षद पद के उम्मीदवार महेश गोयल सहित भाजपा के सभी पार्षद उम्मीदवारों के लिए जनता से वोट की अपील करेंगी। बाबा साहब की फोटो वापस लगाई जाए।

# सीएम योगी बोले- यूपी में 10 करोड़ लोगों को दिया जा रहा आयुष्मान आरोग्य योजना का लाभ



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधान परिषद में प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न का जवाब देते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में बताया। सीएम ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के किसी भी गरीब के लिए उपचार कराना कठिन नहीं रहा है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जा रहा है। वहीं, सरकारी कर्मचारियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलैस स्वास्थ्य योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य की सेवा उपलब्ध करायी जा रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पिछले आठ वर्षों में हर जरूरतमंद को इलाज के लिए बिना किसी भेदभाव के धनराशि उपलब्ध करायी गयी है।

मेडिकल कॉलेज में अच्छी फैकल्टी और सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक बनाने की दिशा में हो रहा तेजी से काम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के समय में केवल पार्टी से जुड़े लोगों को ही इलाज के लिए पैसा दिया जाता था। उस दौरान हर कार्य को समाजवादी नाम दिया जाता था जबकि पैसा सरकारी होता था। यही हाल मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के पैसा का भी हो गया था, लेकिन अब समाजवादी सरकार नहीं है। आज हमारी सरकार संवेदनशील तरीके से बिना किसी भेदभाव के प्रदेशवासियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। वहीं, सरकार इलाज के दौरान अतिरिक्त धनराशि की मांग को भी पूरा कर रही है क्योंकि कोई भी मानव क्षति परिवार के साथ समाज और प्रदेश की भी क्षति होती है। हम इस भाव के साथ काम कर रहे हैं। प्रदेश में आजादी के बाद से वर्ष 2017 तक केवल 17 मेडिकल कॉलेज सरकारी क्षेत्र में थे जबकि आज हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज के निर्माण की कार्रवाई तेजी से चल रही है।

# सीएम रेखा गुप्ता ने विधानसभा में पेश की कैग रिपोर्ट, 2000 करोड़ का घाटा

## लाइसेंस देने में अनियमितता पाई



**दिल्ली।** विधानसभा सत्र का आज दूसरा दिन है। सबसे पहले उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के साथ ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई। इसके बाद दिल्ली सरकार ने कैग रिपोर्ट को पेश किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सदन में शराब नीति से जुड़ी कैग रिपोर्ट को विधानसभा में रखा। 14 कैग रिपोर्ट में से आज पहली कैग रिपोर्ट रखी गई है।

नई शराब नीति से दिल्ली सरकार को करीब 2000 हजार करोड़ का घाटा लगा। नई शराब नीति में पहले के एक व्यक्ति को एक लाइसेंस मिलता था। लेकिन नई नीति में एक शख्स को दो दर्जन से ज्यादा लाइसेंस ले सकता था। पहले दिल्ली में 60 फीसदी शराब की बिक्री 4 सरकारी कॉर्पोरेशन से होती थी। लेकिन नई शराब नीति में कोई भी निजी कंपनी रिटेल लाइसेंस ले सकती है। शराब बिक्री का कमीशन 5 फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी किया गया।

कैग रिपोर्ट में बताया गया है कि थोक का लाइसेंस शराब वितरक और शराब निर्माता कंपनियों को भी दे दिया गया, जो कि उल्लंघन था। नीति में कोई भी निजी कंपनी रिटेल लाइसेंस ले सकती है। लाइसेंस देने से पहले आर्थिक या आपराधिक कोई जांच नहीं की गई। लिक्कर जाइन के लिए 100 करोड़ के निवेश की जरूरत होती थी। लेकिन नई पॉलिसी में इसे खत्म कर दिया गया। कैग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि शराब लाइसेंस देने में राजनीतिक दखल और भाई भतीजा वाद हुआ। भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की रिपोर्ट के अनुसार, 2021-2022 की आबकारी नीति से 2000 करोड़ रुपये से अधिक का घाटा हुआ।

# सरकार ने युवाओं के लिए तैयार किए 500 से ज्यादा बिजनेश मॉडल

**लखनऊ।** नौकरी की तलाश के बजाय स्वरोजगार के लिए युवाओं को प्रेरित करने की दिशा में एमएसएमई विभाग ने ठोस तैयारी की है। पांच लाख का ब्याज मुक्त ऋण युवा किस काम के लिए लें, इसके लिए 500 से ज्यादा बिजनेस मॉडल बनाए हैं। डिफॉल्टर न हों, इसके लिए हर जिला मुख्यालय में एक रिटायर बैंक अधिकारी और मंडल में चार्टर्ड अकाउंटेंट की नियुक्ति की गई है जो लोग युवाओं को मुफ्त परामर्श देंगे। कॉल सेंटर में हर सवाल का जवाब देने के लिए एक्सपर्ट भी तैयार किए गए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी सीएम युवा उद्यमी विकास योजना में 2.25 लाख से ज्यादा उद्यमी पंजीकरण करा चुके हैं। जानकारी के लिए एमएसएमई विभाग की वेबसाइट को पीक टाइम में एक सेकंड में 8000 से ज्यादा लोग देख रहे हैं। योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा युवाओं को मिले, इसके लिए पूरा मैकेनिज्म बनाया गया है। छोटे उद्यमों के तैयार बिजनेस मॉडल में प्रत्येक की प्रोजेक्ट रिपोर्ट, उत्पादन या सेवा, मार्केटिंग व बिक्री तक का ग्राफ दिया गया है।

# सरकार ने एससी, एसटी और अल्पसंख्यक छात्रों की छात्रवृत्तियां छीनी



**दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि सरकार ने दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्तियां छीनने का काम किया है। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार में लाभार्थियों की संख्या में साल-दर-साल भारी कटौती की गई, साथ ही इस मद में फंड भी कम खर्च किया गया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी को संबोधित करते हुए पोस्ट में लिखा कि श्देश के एससी, एसटी और ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं की छात्रवृत्तियों को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है। सरकारी आंकड़े बातते हैं कि सभी वजीफों में मोदी सरकार ने लाभार्थियों की भारी कटौती तो की है, साथ ही साल-दर-साल फंड में औसतन 25 फीसदी कम खर्च किया है। खरगे ने लिखा कि जब तक देश के कमजोर वर्ग के छात्रों को अवसर नहीं मिलेगा, उनके हुनर को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा, तब तक हम अपने देश के युवाओं के लिए नौकरियां कैसे बढ़ा पाएंगे? आपका सबका साथ, सबका विकास का नारा, रोजाना कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है। इसके साथ ही खरगे ने कमजोर और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति का डाटा भी साझा किया। इससे पहले खरगे ने पीएम मोदी के असम दौरे पर भी निशाना साधा था। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में खरगे ने लिखा कि हाल ही में असम में कांग्रेस नेताओं पर शारीरिक और राजनीतिक दोनों तरह से हमले किए गए। इनका जवाब जनता देगी। असम राज्य, भाजपा के भू-माफिया द्वारा भ्रष्टाचार, नफरत और कुशासन का परिणाम झेल रहा है। खरगे ने लिखा कि श्युवाओं की बेरोजगारी, चाय बागान के कर्मियों की लाचारी, गैरकानूनी विदेशियों के मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट की लताड़ और भाजपाई दोगलापन जगजाहिर है। विकास के हर पैमाने पर राज्य पिछड़ गया है।

## आप विधायक अमानतुल्लाह को बड़ी राहत



**दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने विधायक को राहत देते हुए 25,000 रुपये के बांड और इतनी ही राशि पर अग्रिम जमानत दे दी। बता दें कि खान पर जामिया नगर में दिल्ली पुलिस की टीम पर हमले का आरोप है। दिल्ली पुलिस ने 10 फरवरी की घटना के संबंध में ओखला विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की और आरोप लगाया था कि उन्होंने हत्या के प्रयास के एक मामले में घोषित अपराधी को हिरासत से भागने में मदद करते हुए भीड़ का नेतृत्व किया। पुलिस ने कहा कि कथित घटना तब हुई जब दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने शबाज खान नामक व्यक्ति को गिरफ्तार करने का प्रयास किया।


अमर भास्कर

आवश्यकता है-

अमर भास्कर

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं न्यूज चैनल)

को पूरे देश में प्रदेश स्तर, मण्डल स्तर जिला स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक एवं थाना स्तर पर अनुभवी एवं शिक्षित संवाददाता एवं विज्ञापन प्रभारियों की।

संपर्क करें:-

मोबा. 9411214614, 9058143211, 7599339198

ऑफिस:-

निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक, बदायूँ (उ.प्र.)- 243601


www.amarbhashkar.com

Email- amarbhashkar21@gmail.com

# नगर आयुक्त ने जलापूर्ति को लेकर दिए निर्देश

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** आगामी त्यौहारों रमजान, होली, ईद व नवरात्र पर पेयजलापूर्ति को प्रभावी बनाने आगामी गर्मी में होने वाली पेयजल की किल्लत को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त विनोद कुमार ने जल निगम व जलकल विभाग के साथ समीक्षा करते हुए अभी से रोड मैप तैयार करने के निर्देश दिए।



नगर आयुक्त ने साफ साफ लहजे में सहायक अभियंता जल अवर अभियंता जल और जल निगम के अधिकारियों को सभी नलकूपों, अवर जलाशयों की निगरानी, उनकी क्षमता और कार्यशीलता की निगरानी को गंभीरता से लेने की हिदायत दी है। त्यौहारों रमजान, होली, ईद नवरात्र पर पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त ने जलकल विभाग और जल निगम को अभी से पेयजल की किल्लत वाले क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को प्रभावी बनाने वैकल्पिक पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए कहा है। नगर आयुक्त ने सहायक अभियंता जल पुष्पेंद्र सिंह को रमजान व ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की किल्लत को देखते हुए हर क्षमता की दो-दो अतिरिक्त मोटर पंप को जलकल विभाग के स्टोर में रखने के निर्देश दिए हैं ताकि मोटर खराब होने पर तत्काल अतिरिक्त मोटर का इस्तेमाल किया जा सके।

मोटर पंप की मरम्मत हेतु चयनित एजेंसियों से तत्काल सभी खराब मोटरों की अभी से चेकिंग कराकर उन्हें ठीक कराया जाए। उदय सिंह जैन रोड स्थित जलकर प्रागण में लगे कवर की मोटर को बदलने का काम तत्काल प्राथमिकता पर किया जाए ताकि इस सीडब्ल्यूआर की परिधि में आने वाले क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावी बनी रहे।

नगर आयुक्त ने समीक्षा बैठक में शक्ति नगर गूलर रोड और शाह जमाल पंपिंग स्टेशन के सम्पवेल की अभी से सफाई कराये जाने के लिए कहा उन्होंने सभी नलकूपों पर प्रेशर गेज लगाए जाने के निर्देश दिए ताकि जलापूर्ति के फ्लो की क्षमता का पता चल सके और सभी नलकूपों पर लगे बाईपास को अभी से मरम्मत कराया जाए ताकि जल प्रवाह की चेकिंग आसानी से की जा सके।

नगर आयुक्त विनोद कुमार ने बताया कि आगामी दिनों में रमजान, होली, ईद नवरात्र के साथ साथ ग्रीष्म ऋतु में होने वाली पेयजल की किल्लत को ध्यान में रखते हुए अभी से कार्य योजना तैयार की गई है सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं।

## जिले में आयोजित होगा लगेगा वृहद रोजगार मेला

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेन्टर एवं श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 28 फरवरी को प्रात: 10 बजे से वृहद रोजगार मेला का आयोजन श्री वार्ष्णेय महाविद्याल में आयोजित किया जा रहा है। मेले में कुल 20 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर लगभग 2100 रिक्त पदों पर चयन किया जायेगा। जिला सेवायोजन अधिकरी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में डिक्शन टैक्नोलॉजी इण्डिया प्रा० लि० गुरूग्राम, डिस्टिल टैक्नोलॉजी प्रा०लि० नोयडा, मानसी गंगा विल्डर्स एण्ड इंजीनियरिंग प्रा० लि० अलीगढ़, विजन इण्डिया सर्विस नोयडा, टाटा स्ट्राईव स्किल डवलपमेंट सेंटर अलीगढ़, एनआईआईटी गुरूग्राम, एसआईएस आदि हैं।

# जिलाधिकारी को सौंपा चौदह सूत्रीय ज्ञापन



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी आली जनाब रमेश रंजन जी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आली जनाब सौरभ दीक्षित जी, नगर आयुक्त नगर निगम ऋषि राज जी, से रमजान के पवित्र महीने में होने वाली व्यवस्थाओं के लिए 14 सूत्रीय मांग पत्र महोदय अवगत कराना है मुस्लिम समाज का पवित्र रमजान का महीना 1, 2 मार्च को शुरू होने जा रहा है। निश्चित रूप से मुसलमान के लिए बहुत बड़ा इबादत का महीना है। मुस्लिम समाज के बुजुर्ग नौजवान बच्चे व महिलाएं सुबह तड़के तीन बजे से उठकर सहरी की तैयारी करते हैं और सुबह 6. बजे के करीब रोजा रखते हैं फिर फज्र की नमाज के लिए मस्जिदों में जाते हैं।

पूरे दिन भूखे रहकर ऊपर वाले की इबादत करते हैं शाम लगभग 6:15 बजे के बाद इफ्तार करके रोजा खोलते हैं, शाम 4 बजे से बाजारों में रोजा इफ्तार के पकवान के सामान की खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़ रहती हैं। फिर रात लगभग 8:30 बजे के आसपास ईशा की नमाज के बाद नगर की सभी मस्जिदों में तराबी की नमाज होती है जो लगभग एक से डेढ़ घंटे के बीच होती है जिससे मस्जिदों के आसपास शहर ग्रामीण बाजारों में काफी भीड़ रहती है। साथ में समाजसेवी सोहेल वारिस खान, पार्षद सैफूहसन, पार्षद लाला राइन आदि मौजूद रहे।

# नहर में मिला छात्र का शव

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** जनपद के थाना गोंडा क्षेत्र के नगला बिरखू में इंटरमीडिएट के एक छात्र का शव उसके घर से 40 किलोमीटर दूर नहर में पड़ा मिला, छात्र देर रात को खाना खाने के बाद मोपेड लेकर टहलने के लिए निकला था। इसके बाद सारी रात घर नहीं लौटा। सुबह परिवार के लोगों को पुलिस ने छात्र की मौत की सूचना दी।




घटना की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने शव का अंत्य परीक्षण कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के बहनोई सुभाष चंद्र ने बताया कि उनका 17 वर्षीय साला नाजेश इंटरमीडिएट का छात्र था। देर रात में खाना खाने के बाद वह मोपेड लेकर टहलने के लिए निकला था। परिवार के लोगों ने सोचा की वह थोड़ी देर में आ जाएगा, सभी लोग खाना खाकर सो गए। अक्सर नाजेश राज को जाता था और घर वापस आ जाता था। लेकिन सोमवार रात को वह वापस नहीं लौटा।

मंगलवार सुबह जब परिवार के लोगों ने नाजेश को घर पर नहीं देखा तो उसकी खोजबीन शुरू की। परिवार के लोग उसकी खोजबीन कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें छात्र की दुर्घटना की सूचना दी। छात्र का शव घर से लगभग 40 किलोमीटर दूर नहर के पास पड़ा मिला है। पुलिस इस मामले को दुर्घटना मान रही है। पुलिस का मानना है कि किसी अज्ञात वाहन ने छात्र को टक्कर मारी है, जिससे उसकी मौत हुई है। जबकि परिवार के लोगों का कहना है कि हो सकता है, छात्र को कोई अपने साथ ले गया हो और उसके साथ मारपीट की हो। हालांकि पुलिस सारे पहलुओं की जांच कर रही है। सीओ इगलास एएसपी भंवरे दीक्षा ने बताया कि छात्र का शव पुलिस को बिरखू नहर में बरामद हुआ है। प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हो रहा है कि डूबने के कारण उसकी मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारण स्पष्ट हो जाएंगे। अगर कोई तहरीर मिलती है तो मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

## मनचले ने युवती को बेरहमी से पीटा

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** जनपद के थाना बन्ना देवी क्षेत्र के मालवीय पुस्तकालय में छेड़छाड़ का विरोध करने पर मनचली ने युवती के साथ बेरहमी से मारपीट की। युवती ने बताया कि वह शाहजमल की रहने वाली है, युवती नीट की तैयारी कर रही है जिसके चलते वह मालवीय पुस्तकालय में पढ़ाई करने आती है। आरोप है कि एक मनचला प्रतिदिन पीछा करता था और उससे छेड़छाड़ करता था। मंगलवार दोपहर तीन बजे उक्त युवती पुस्तकालय में पढ़ने आई थी तभी उक्त मनचले ने युवती से छेड़छाड़ की कर दी। इस दौरान युवती ने मनचली को एक थप्पड़ मार दिया। इस दौरान मनचला बौखला गया और युवती के साथ लात घूसों से जमकर मारपीट की जिसके बाद युवती बेहोश हो गई। फ्लिहाल युवती को उसके परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे हैं।

# 38वें राष्ट्रीय खेल में प्राप्त किया मेडल




**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** उत्तराखंड में आयोजित 38 वे राष्ट्रीय खेल में के जिमनास्टिक एथलीट ने जिमनास्टिक खेल के अंदर ट्रैम्पोलिन इवेंट कांस्य से पदक हासिल किया।

उदित चोहन आर्मी में सर्विस करते हैं उनके कोच सर कोच मेरे संजय मोर सर अजय कुमार चौहान जी मेरे यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर एच जिन्होंने खेलने के लिए मुझे परमिशन दी उन्होंने उसे समय में अच्छी मेहनत की नेशनल गेम में कांस्य पदक जीता है ।

मेडल हासिल करने उसके बाद परिवार के सदस्य पिताजी उदयभान सिंह माताजी और उनकी पत्नी वैष्णवी चौहान एक छोटा भाई और एक बहन मेडल लगने के बाद बहुत खुश हैं अभी जो 38वें नेशनल गेम्स में उदित चौहान इकलौत खिलाड़ी फिरोजाबाद से हे जिन्होंने 38वें राष्ट्रीय खेल (ट्रम्प) में मेडल प्राप्त किया है जिसमें श्यामवीर दद्दा स्पोर्ट्स डेवलपमेंट ट्रस्ट अध्यक्ष श्री श्याम वीर ने बोला उत्तर प्रदेश के साथ साथ पूरे जिले के लिए गर्व की बात है साथ में से जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव ने उदित चौहान को ट्रस्ट की ओर से सम्मानित के लिए कहा जैसी ही फिरोजाबाद में आर्मी में सर्विस से वापिस फिरोजाबाद उदित चौहान आएंगे उनका पूरी गर्म जोशी से और खेलों में खिलाड़ियों का सम्मान मिलता है उसी तरीके से उनका सम्मान किया जाएगा जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री श्यामपाल सिंह के एसोसियन के उपाध्यक्ष राजकुमार ने भी बधाई दी और कई लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

# आयोजित यूथ एथलेटिक्स चौंपियन शिप का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** श्यामवीर दद्दा स्पोर्ट्स डेवलपमेंट ट्रस्ट अकैडमी पर आयोजित किया गया। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव श्री श्यामवीर ने बताया कि आज इस प्रतियोगिता में जो खिलाड़ियों विजेयता रहे हैं वह लखनऊ के गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय यूथ एथलेटिक्स चौंपियन शिप में भाग लेंगे विजेयता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं।



इस मौके पर 100 मीटर दौड़ में अनुज ने प्रथम स्थान, सुखदेव ने द्वितीय, मोहित ने तृतीय 200 मीटर दौड़ में मोहित ने प्रथम प्रियम शर्मा ने द्वितीय शिवम, मोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया 400 मीटर दौड़ में ने प्रथम प्रांशु, गोपाल ने द्वितीय, आकाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1000 मीटर दौड़ में संदीप ने प्रथम, शनि ने द्वितीय, पमुनेंद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लांग जंप में आलोक ने प्रथम, शिवम यादव ने द्वितीय, जयपाल तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में कृष्णा ने प्रथम, योगेश कुमार ने द्वितीय, अमन तृतीय स्थान प्राप्त किया । भाला फेंक में शिवम प्रथम, आत्मा नाथ पांडे द्वितीय गोला फेंक में आत्मनाथ पांडे प्रथम, स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रियांशु हेप्टाथलन सनी प्रथम, देवांश ठाकुर द्वितीय बालिकाओं की 100 मीटर दौड़ में रीना प्रथम ,बालिकाओं की 1000 मीटर दौड़ में वंशिका प्रथम, अंजलि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक में नेहा प्रथम, भावना द्वितीय, कमलेश तृतीय हेप्टाथलन पंकज प्रथम, पलक द्वितीय, पंकज तृतीय उपरोक्त सभी खिलाडी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे सभी खिलाड़ियों से अनुरोध है कि अपनी यूआईडी अवश्य बनवा लें जिससे उनकी ऑनलाइन एंट्री की जा सके।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अब यूआईडी का होना अनिवार्य कर दिया गया है। इस अवसर पर आरडीएम क्रिकेट मैदान के डायरेक्टर एम.डी यादव, जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सह सचिव श्री ओमवीर, टेक्निकल कमिटी ऑफिशल नीरज कुशवाहा टेक्निकल कमेटी के मैनेजर रविंद्र कुमार, ओतवीर सिंह, विवेक कुमार, आदि मौजूद रहे।

## आठ मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**अलीगढ़।** अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 08 मार्च शनिवार को जिला मुख्यालय एवं बाह्य स्थित न्यायालयों सहित तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एनआई एक्ट, धन वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम, विद्युत, जलकर, पारिवारिक, वैवाहिक, भूमि अर्जन अधिनिन्न, सेवा सम्बन्धी, राजस्व एवं दीवानी वाद एवं अन्य प्रकृति के मामले तथा प्री-लिटिगेशन के मामले जो न्यायालय में लम्बित न हो आदि का निस्तारण आपसी सुलह समझौते, सहमति के आधार पर किया जाएगा।

# जिले में बाबू का घूस लेते वीडियो वायरल

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** जनपद में तहसील के एक बाबू का रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोपी बाबू ने एक किसान से दुर्घटना बीमा की फाइल बढ़ाने के नाम पर रुपए लिए थे। बाद में जब किसान यूनियन के पदाधिकारी पहुंचे तो बाबू ने यह रुपए वापस कर दिए।




वहीं घटना के बाद किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने सारे मामले की लिखित शिकायत अधिकारियों से की है। उन्होंने लिखित शिकायत के साथ ही आरोपी बाबू के वीडियो भी अधिकारियों को दिए हैं, जिससे कि उसके खिलाफ कार्रवाई हो सके, वहीं अब मामले की जांच शुरू हो गई है। भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अमित भारद्वाज ने बताया कि बीते दिनों हादसे में किसान धर्मेंद्र और अमित की मौत हो गई थी। इनके दुर्घटना बीमा की फाइल को आगे बढ़ाने के नाम पर कोल तहसी के बाबू विशंभर कुमार ने 4000 रुपए लिए थे। रुपए लेने के बाद भी वह काम नहीं कर रहा था। जिसके बाद उन्होंने बाबू से जाकर बात की।

जब उन्होंने शिकायत करने की बात कही तो बाबू ने यह रुपए किसान को वापस कर दिए। उन्होंने बताया कि बाबू किसान को पिछले कई महीनों से परेशान कर रहा है और लगातार तहसील के चक्कर भी लगवा रहा है। पीड़ित किसान ने आरोप लगाया है कि बाबू पहले भी उनसे फाइल बढ़ाने के नाम पर 50 हजार रुपए ले चुका है। बिना रुपए लिए वह कोई भी काम नहीं करता है। इसलिए उन्होंने किसान यूनियन के पदाधिकारियो से शिकायत की। इसके साथ ही जिलाधिकारी को भी बाबू की शिकायत की गई है। जिससे कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई हो सके। एसडीएम कोल दिग्विजय सिंह ने बताया कि सारे प्रकरण की जांच की जाएगी। जांच के आधार पर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ई-रिक्शाओं की चेकिंग की गई



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** विधान सभा के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम शुक्रवार के लिये निर्धारित डॉ. मुकेश वर्मा, मा० सदस्य, विधान सभा द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-43 के सन्दर्भ में परिवहन आयुक्त महोदय उ०प्र० लखनऊ के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में सम्भागीजेड, परिवहन अधिकारी, आगरा के कुशल मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी फिरोजाबाद के सहयोग से अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-रिक्शाओं के विरूद्ध एक व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के तहत अनाधिकृत एवं बिना पंजीयन वाले ई-रिक्शाओं पर कड़ी प्रवर्तन कार्यवाही की गयी।

विशेष रूप से बिना लाइसेन्स संचालित किये जा रहे ई-रिक्शाओं को चिन्हित कर नियमानुसार कार्यवाही की गयी। उक्त सघन अभियान फिरोजाबाद के जाटवपुरी पुलिया सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर चलाया गया, जहॉं बड़ी संख्या में अनियमित ई-रिक्शाओं को रोका गया और नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर सुचारू यातायात व्यवस्था बनाये रखना तथा नियमों के उल्लंघन को रोकना है। उक्त प्रभावी कार्यवाही से यातायात व्यवस्था में सुधार की उम्मीद है एवं नियमों के पालन को बढावा मिलेगा।

## मजदूरी का पैसा मांगने पर मालिक ने भगाया

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** जनपद के थाना क्वार्सी क्षेत्र के जीवनगढ़ में मजदूरी का पैसा मांगने पर मलिक ने मजदूर को भगा दिया, स्थानीय निवासी मुशर्रफने बताया कि वह क्षेत्र में ही ई रिक्शा गैरेज पर काम करते थे। मलिक ने उनका सात माह से वेतन रोक रखा था जिसमें से वह पन्द्रह हजार रूपये ले चुके हैं और पच्पन हजार रूपये बाकी है। आरोप की वह मालिक से पैसा मांगने गए थे तो मालिक ने उन्हें भगा दिया तो वहीं पीड़ित का आरोप है कि मालिक ने उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की भी धमकी दी है, घटना के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने में की है। इस घटना को लेकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

# आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन एवं पारदर्शिता पूर्ण ढ़ंग से होगी संपन्न

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कान्त राय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि शासन के निर्देशानुसार जिले में 453 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों पर भर्ती की प्रकिया ऑनलाइन पोर्टल के आधार पर की जा रही है, जिसमें अभ्यर्थी के इन्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक के प्राप्तांकों के आधार पर चयन की कार्यवाही की जा रही है।




उन्होंने बताया कि निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ०प्र० लखनऊ के शाासनादेश के के अनुसार इस प्रकिया में बीपीएल विधवा, बीपीएल तलाकशुदा या परित्याक्यता, बीपीएल अन्य, एपीएल विधवा, एपीएल तलाकशुदा या परित्याक्यता को नियमानुसार प्राथमिकता दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त सूची के अनुसार चयनित एवं प्रथम वरीयता वाले अभ्यर्थियों को अंक पत्र सत्यापन के लिए विकास भवन बुलाया जा रहा है। उन्होंने जनसामान्य एवं अभ्यर्थियों को स्पष्ट किया कि भर्ती प्रकिया पूरी तरह से ऑनलाइन है इसमें किसी प्रकार के दलालों के चक्कर में न आएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या के लिए संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी के साथ ही आप विकास भवन में स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय के कमरा नम्बर 04 में उपस्थित होकर हेल्प डेस्क पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## पीस कमेटी की मीटिंग का हुआ आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं नगर मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद द्वारा आगामी आने वाले त्यौहारों होलिका दहन, होली, ईद-उल-फित्र आदि के मद्देनजर थाना उत्तर में क्षेत्र के संभ्रान्त नागरिकों एवं धर्मगुरुओं संग पीस कमेटी, शांति सुरक्षा की मीटिंग आयोजित की गयी, जिसमें आगामी त्यौहारों को आपसी सौहार्द एवं शान्तिपूर्ण रुप से मनाने हेतु जागरुक किया गया। मीटिंग के दौरान महोदय द्वारा संभ्रान्त नागरिकों एवं धर्मगुरुओं से उनके सुझाव प्राप्त किए गए।

# फैमिली आईडी में कम प्रगति पर बीडीओ समरेर का वेतन रोका

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड, 5० लाख रुपए से अधिक के सड़क व भवन आदि निर्माण कार्यों, बेसिक शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग व पोषण मिशन की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपूर्ण निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित विभाग व कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को दिए। उन्होंने फैमिली आईडी के कार्यों में कम प्रगति पर खंड विकास अधिकारी समरेर का फरवरी का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए।



जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड के कार्यों की समीक्षा करते हुए 5० लाख रुपए से अधिक के सड़क व अन्य भवन निर्माण आदि की समीक्षा करते हुए अपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड के कार्यों में जिन विभागों की विभिन्न योजनाओं में ई,डी व सी श्रेणी आई है। वह इसमें मुख्य प्रदर्शन घटक (केपीआई) को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। अपने डाटा को 28 फरवरी 2०25 तक अधतन करें और श्रेणी में सुधार करें। उन्होंने कहा कि आगामी ०7 मार्च 2०25 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत कमजोर वर्ग के परिवारों की कन्याओं के सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन किया जाए।

जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान पाया कि जनपद में 5० लाख रुपए से अधिक की 52 सड़कों का निर्माण कराया जाना है ,जिनमें से 48 पूर्ण हो गई हैं व चार अपूर्ण है। इन अपूर्ण में दो लोक निर्माण विभाग, एक मंडी परिषद, व एक यूपीडीए की है। वही 5० लाख रुपए से अधिक के भवन आदि निर्माण कार्य में 83 परियोजनाओं पर कार्य किया जाना है। जिनमें से 48 पूर्ण हो गई हैं तथा 35 अपूर्ण है। जितने भी परियोजनाएं पूर्ण हो गई है वह सभी संबंधित विभाग को हस्तगत भी हो गई हैं। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निपुण अभियान को सफल बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा की परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन छात्रों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रही निशुल्क किताबें, यूनिफॉर्म, जूते ,मोजे आदि समय से उपलब्ध हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही मध्यान्ह भोजन मेन्यू के अनुसार बने, यह भी ध्यान रखा जाए तथा मध्यान्ह भोजन को अधिकारी स्वयं समय-समय पर जाकर चेक भी करें ताकि उसकी गुणवत्ता बरकरार रहे और भावी पीढ़ी को उच्च गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध हो। जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया।

# डीएम ने किया कछला घाट व मंदिरों का निरीक्षण, श्रद्धालुओं को न हो परेशानी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने मंगलवार को आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत कछला घाट का निरीक्षण कर वहां सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। वहीं उन्होंने बिरूआ बाड़ी मंदिर, नगला मंदिर व गौरीशंकर मंदिर का दौरा कर व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने व सजग होकर कार्य करने के लिए कहा।



जिलाधिकारी ने आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर कछला घाट में सुरक्षा आदि विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों के दोनों ओर की गई व्यवस्थाओं का मुआयना किया तथा नदी के ऊपर बने पुल से भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को एक-एक कर देखा व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी ने बिरूआ बाड़ी मंदिर, नगला मंदिर व गौरी शंकर मंदिर में की गई व्यवस्थाओं का मुआयना किया। उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा सकुशल रूप से पर्व का आयोजन करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### 27 फरवरी को दमयन्ती राज महाविद्यालय बिसौली में लगेगा रोजगार मेला

**बदायूं।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी सचिन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 फरवरी 2०25 को जिला सेवायोजन कार्यालय बदायूँ के तत्वाधान में दमयन्ती राज आनन्द राजकीय महाविद्यालय बिसौली परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश की प्रसिद्व 1० कम्पनियॉ प्रतिभाग कर रही है। इन कम्पनियों में लगभग 8०० पद रिक्त हैं। समस्त अभ्यर्थियों अपने सभी प्रमाण पत्रों एवं शैक्षिक योग्यता वॉयोडाटा सहित अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर इस योजना का लाभ उठायें।

### चौथे दिन नारी सशक्तिकरण के लिए समर्पित रहा एनएसएस शिविर

**बदायूं।** राजकीय महाविद्यालय आवास विकास में संचालित एनएसएस की अंबेडकर इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन अपने अभिगृहीत गांव रसूलपुर बिलहरी में नारी सशक्तिकरण दिवस आयोजित कर महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य आदि के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजय कुमार के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने डोर टू डोर जन संपर्क कर नारी सशक्तिकरण के लिए लोगों को जागरूक किया गया। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि एनसीसी की प्रभारी डॉ श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि कहा कि नारी सशक्तिकरण के द्वारा ही कोई राष्ट्र अपनी शक्ति में वृद्धि कर सकता है। मुख्य वक्ता वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ सरिता ने कहा कि जिस देश में नारी की सुरक्षा और सम्मान नहीं है वह देश प्रत्येक स्तर पर पिछड़ेपन का शिकार है। डॉ प्रियंका सिंह ने कहा कि हमें महिलाओं के अधिकारों को संरक्षित रखते हुए ही आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। संगोष्ठी का संचालन इशराक अहमद तथा आभार ज्ञापन निखिल सिंह ने किया।

### अजमते कुरआन कॉन्फ्रेंस व जश्ने दस्तारबंदी का आयोजन



**बिसौली।** मदरसा फैजान ए रजाए मुस्तफा में अजमते कुरआन कॉन्फ्रेंस व जश्ने दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद व मदरसे के प्रिंसिपल इफ्तेखार अशरफी ने मदरसे के चार छात्रों की दस्तारबंदी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हजरत सैयद अहसन मियां साहब शाहजहांपुर ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत मदरसे के प्रिंसिपल इफ्तेखार अशरफी द्वारा कुरआन की तिलावत से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजरत डॉक्टर रुहुल अमीन साहब जबलपुरी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को दुनियावी शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक शिक्षा भी जरूरी है। उन्होंने कहा मदरसों में इंसानियत की शिक्षा दी जाती है। यहां पढ़ने वाले बच्चे शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी सीखते हैं। उन्होंने माता-पिता के सम्मान पर भी जोड़ दिया। हजरत कारी जमशेद साहब मुरादाबाद ने कहा कि कुरआन एक मुकम्मल किताब है। हम सबको अपना जीवन कैसे जीना है यह कुरआन ने हमें बताया है। इस्लाम आपसी भाईचारा और मिलजुल कर रहने की शिक्षा देता है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद व मदरसे के प्रिंसिपल इफ्तेखार अशरफी द्वारा मदरसे के छात्र हाफिज नईम, हाफिज फैज, हाफिज मोहम्मद हुसैन, हाफिज शनिव रजा को हाफिज की उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्हें दस्तार, प्रमाण पत्र और फूलमालाएं पहन कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को कारी तौफीक रजा, मुफ्ती आलम अशरफी, हाफिज शरीफ रजा जामी, हाफिज शादाब रजा उवैसी, मौलाना अफलाक रजा उवैसी, मौलाना अहमद हुसैन, हाफिज आलम रजा, मौलाना फुरकान रजा, हाफिज अली अशरफ हाफिज मजहर रजा, हाफिज हाफिज कमरुज्जमा अशरफी ने भी संबोधित किया। मदरसे के प्रिंसिपल हजरत मौलाना इफ्तेखार अशरफी ने आए हुए सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान कमेटी के सदर इरशाद खां, मास्टर अफसर, अमीर अहमद, आरिफ मकसूदी, शब्बीर मकसूदी, इस्हाक सैफी, मुबीन, शफी मो. मुल्ला जी, साजिद अंसारी, शेर मो. बाजिद सिद्दीकी, शब्बन सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# आईपीएस केवल खुराना को दी शोक श्रद्धांजलि

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश हिन्दी प्रचार समिति के द्वारा एच एस मल्होत्रा स्कूल में आईपीएस केवल खुराना के लिए शोक श्रद्धांजलि दी गई। शोक सभा का आयोजन किया गया।



केवल खुराना एक अधिकारी ही नहीं थे एक अच्छे साहित्यकार भी थे । उनकी एक पुस्तक भी आ चुकी है। बदायूं जनपद में आज शोक की लहर दौड़ गई है। आज जो भी सुन रहा है उसको इस बेटे केवल खुराना के चले जाने का बेहद कष्ट है क्योंकि हमारे जनपद की वो शान रहे हैं। बहुत ही ब्यवहारिक, सरल और अधिकारी होने के बाबजूद भी उनके अंदर छोटे बड़े होने का बिल्कुल भी दंभ नहीं था। केवल खुराना ने अपने विभाग में तो सबका दिल जीता ही था बदायूं जिले में भी सबका मन को भाते थे। आज हम सब इस दुरूख की खड़ी में परिवार के साथ हैं। ये बहुत बड़ी क्षति हुई है जिसकी भरपाई होना असम्भव है। लेकिन ईश्वर की मर्जी के सामने किसी की नहीं चलती है। सभी ने केवल खुराना से सम्बंधित तमाम संस्मरण सुनाए और केवल के समक्ष पुष्प अर्पित कर शोक श्रद्धांजलि दी ।

# त्यौहारों को लेकर बगरैन पुलिस चौकी पर पीस कमेटी की बैठक

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बगरैन।** त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंगलवार को रिपोटिंग पुलिस चौकी बगरैन में पीस कमेटी की बैठक नायब तहसीलदार गिरिजा शंकर यादव थानाध्यक्ष वजीरगंज अरिवन्द कुमार तथा रिपोटिंग पुलिस चौकी प्रभारी राजीव कुमार सिंह चौहान की मौजूदगी में बैठक हुयी।



नायब तहसीलदार गिरिजा शकर यादव ने कहा कि आगामी शिवरात्री होली ईद तथा मोहरम त्योहार सभी लोग आपस मे एक दूसरे को बधाई देकर शन्ति पूर्वक मनाये किसी भी प्रकार की परेशानी पर प्रशासन से सम्पर्क करे , कस्वा तथा देहात मे अराजक तत्वो पर पुलिस की सख्त नजर है तथा पुलिस सख्ती से निपटना जानती है अपवाह फैलाने वालो से सावधान रहे। विना परमीशन के डीजे नही बजेगा, डीजे बजाने के लिए परमीशन लेना जरूरी होगा। थानाध्यक्ष वजीरगंज अरिवन्द कुमार ने कहा कि क्षेत्रवासियो से आगामी त्योहारो पर शन्ति व्यवस्था हेतू आप लोगो से सहयोग की अपील की जाती है होली के समय पांच लोगो की कमेटी बनायी जायेगी , जो शक्ति व्यवस्था हेतू सहयोग करेंगे । हम सव को एक दूसरे के त्योहारो का सम्मान करना चाहिए हमारी संस्कृति गंगा जमुना तहजीव की संस्कृति है कोई धर्म आपस मे हिंसा नही सिखाता लेकिन अराजक तत्व मौके का फायदा उठाते है खुराफातियों से सावधान रहे। पुलिस हमेशा आपकी सुरक्षा के लिए साथ है।

पीस कमेटी बैठक मे चौकी प्रभारी राजीव कुमार सिह, रितेश चौहान, ठा वेदपाल सिंह, दीपक वार्ष्णेय, मनोहर सिह यादव, सलीम, रवि लाल सिंह, प्रदीप चौहान, महेश गुप्ता, सुमित कुमार, संजीव कुमार, आशफाक, मुस्तफा बेग, मस्जिद मौलवी मो वसीम अतुल शर्मा, अवधेश आदि मौजूद रहे।

# विद्यालयों में भोजन तैयार करने वाली रसोईया, साक्षात अन्नपूर्णा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** स्काउट भवन पर प्रशिक्षण केंद्र पर पीएम पोषण योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय रसोईया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 3० रसोइयों ने प्रतिभा किया। सलारपुर ब्लाक की गीता देवी सर्वश्रेष्ठ रहीं।



मुख्य अतिथि रजनी मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत रसोईया बच्चों को बहुत लगन और निष्ठा से बच्चों को स्वादिष्ट भोजन तैयार करती हैं। साक्षात अन्नपूर्णा है।

बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि रसोइयों द्वारा बना गुणवत्तापूर्ण स्वादिष्ट भोजन बच्चे ग्रहण करते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि रसोइयों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और उसे जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करती हैं। जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि प्रतिभागिता से रसोइयों में एक नई ऊर्जा, उमंग और उत्साह का संचार होगा। जिला आयुक्त खाद्य सीएल यादव, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी आजाद कुमार, जिला स्वास्थ्य एवं शिक्षा अधिकारी सुधा सिंह, प्रवक्ता गृह विज्ञान शहनाज बानो ने भोजन की गुणवत्ता को देखा। प्रतियोगिता में सलारपुर ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सिगोई की रसोईया गीता देवी प्रथम, सहसवान क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद की मुन्नी देवी द्वितीय और नगर क्षेत्र उझानी के प्राथमिक विद्यालय दयानंद की गीता देवी तृतीय स्थान पर रहीं। अतिथियों ने प्रथम पुरस्कार विजेता को तीन हजार पांच सौ रुपये, द्वितीय को दो हजार पांच सौ रुपये, तृतीय को एक हजार पांच सौ रुपये की धनराशि, प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डा. पंकज शर्मा ने बताया प्रत्येक रसोईया को तीन सौ रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। मिड-डे मील की जिला समन्वयक हिना खान ने आभार व्यक्त किया। संचालन एआरपी फरहत हुसैन ने किया। इस मौके पर डीओसी असरार अहमद, डीटीसी पूर्वी सक्सेना, पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव शर्मा, डा.पंकज शर्मा, राहुल कुमार, आशीष शर्मा, सुखदेश, अनंग पाल सिंह, इलियास अहमद, सरिता चौहान, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# वॉटर वूमन शिप्रा के शब्द सुनकर भावुक हुए सफाईकर्मी

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** आज महाकुंभ में वॉटर वूमन शिप्रा पाठक ने स्वच्छता कर्मियों को थालिया और पौधा देकर सम्मानित किया। शिप्रा ने कहा कि आज महाकुंभ का जो दिव्य स्वरूप पूरे संसार में भारत का मस्तिष्क गौरव से ऊंचा कर रहा है उसका एक बहुत बड़ा कारण संगम के साथ साथ यह सफाई कर्मी ही हैं। उन्होंने कहा जैसे यह लोग दिन रात एक करके लोगों का मल मूत्र,प्लास्टिक,पान मसाला के छोटे-छोटे पैकेट उठाकर इकट्ठा करके साफ सफाई कर रहे हैं वैसे इनके प्रति मानवीय संवेदना रखते हुए श्रद्धालुओं को भी मर्यादाएं बनाए रखना चाहिए। उन लोगों को मल मूत्र चेंजिंग रूम की जगह शौचालय में करना चाहिए। उन्होंने कहा लोगो को सोचना चाहिए एक सफाई कर्मी को छोटे छोटे तेल के पाउच, पान मसाला के पैकेट एवं सिगरेट के पैकेट उठाने में कितनी मेहनत लगती होगी। किसी घाट पर स्नान करने वाले हजारों लोग बड़ी संख्या में कूड़ा करकट इधर उधर डाल रहे हैं ऐसे लोगों को कूड़ा कूड़ेदान में डालना चाहिए जिससे हम इनके साथ महाकुंभ को स्वच्छ रखने हेतु अपना योगदान भी दे सकते हैं। इस दौरान शिप्रा ने योगी जी से भी अपील की स्वच्छता कर्मियों के कार्यों हेतु उनको प्रशस्ति पत्र के अलावा इनके बच्चों के भविष्य के लिए भी सरकार कुछ शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी योजना बनाते हुए महाकुंभ में किए उनके ऐतिहासिक कार्यों को देखते हुए एक सम्मान समारोह के साथ साथ अतिरिक्त बोनस भी दे।



# आईरा टीम व सामाजिक लोगों ने के सहयोग से हुई गरीब कन्या की शादी

## सोशल मीडिया के माध्यम से आईरा जिलाध्यक्ष ने की थी अपील

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बगरैन।** क्षेत्र के एक गांव मे गरीव कन्या की शादी नही हो पा रही थी परिवार के लोग बहुत ही परेशान थे मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण वामुशिकल हो रहा था, गांव के सम्मानित व्यक्तियो ने गरीब बिटिया की शादी के लिए परिवार से सहयोग की पेशकश की इसके बाद आईरा जिलाध्यक्ष बदायू तथा मनौना धाम मीडिया प्रभारी सेवादार ठा वेदपाल सिंह ने तथा पत्रकार समाजसेवी सोमेश मिश्रा निवासी वरीपुरा ने क्षेत्रीय बगरैन समाचार ग्रुप के माध्यम से गरीब कन्या की शादी हेतु सहयोग की अपील की गयी इसके बाद आईरा टीम बगरैन व्यापार उद्योग संगठन भाजपा बगरैन मंडल के पदाधिकारी तथा सामाजिक लोगो ने ग्रुप मे सहयोग राशि फोन पे द्वारा क्यू आर कोड द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान किया, जिसमे क्षेत्रीय विधायक बिसौली आशुतोष मौर्य, आईरा जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल सिंह कठेरिया, विजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष आईरा राशिद खान पत्रकार, रक्षपाल, आदित्य भदौरिया समेत धर्मेन्द्र दीक्षित आशुतोष अध्यापक दीन दयाल महेश्वरी समाज सेवी भाजपा नेता



राहूल वार्ष्णेय वजीरगंज डा रवेन्द्र सतवाल जतिन सिंह जय जय राम लेखपाल तथा महीपाल सागर अविनाश गंगवार अतुल गुप्ता वीरेन्द्र सिंह नेम सिह भूदेव जी राजू महेश्वरी मुकेशपाल प्रधान सचिन सक्सैना पत्रकार सेवादार मनौना धाम अमन वार्ष्णेय निर्दोष माली रिशव चौहान जय सिह सागर जीशान वसीम सोमेश मिश्रा विपिन सतवाल योगेन्द्र सिंह कुवर प्रताप सिंह शिवेन्द्र सिंह मिथुन सक्सैना धीरेन्द्र सिंह चौहान सेवादार मनौना धाम ने स्वेच्छा से सहयोग किया, लगभग 35 हजार रुपये सहयोग राशि से वर्तन तथा परिवार का जरूरी सामान सामूहिक रूप से प्रदान किया गया। वही शिक्षक बाबू खान तथा ग्राम प्रधान वरीपुरा मोनू सिंह ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

आईरा जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल सिंह ने कहा कि क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियो द्वारा ग्रुप के माध्यम से असहाय गरीव कन्या के लिए जो मुहिम चलायी गयी वह बहुत ही सराहनीय है ऐसे सहयोग से दहेज प्रथा वाल विबाह तथा भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियो के खिलाफ जागरूकता बढेगी। इस ग्रुप के माध्यम से सहयोग मिलता रहा तो अन्य क्षेत्र की गरीव कन्याओ के विवाह मे सहयोग कराया जाता रहेगा।

बता दे कि इसी ग्रुप से एक गरीब बिटिया छात्रा का एक्सीटेंड होने पर इलाज के लिए सहयोग की अपील की गयी थी, जिससे सम्मानित बन्धुओ ने सहयोग कर बिटिया की जान बचायी थी। ग्रुप के माध्यम से गरीब कन्या की शादी मे सहयोग करने पर सभी सम्मानित दान दाताओ का आभार प्रदान किया गया। तथा 25 फरवरी को गरीब बिटिया की शादी सकुशल सम्पन्न हो गयी।

## संपादकीय

# नई शिक्षा नीति पर सस्ती राजनीति



प्रसिद्ध यूनानी दार्शनिक प्लेटो का कथन है कि शिक्षा राजनीति की दासी नहीं, बल्कि सत्य और प्रगति का मार्गदर्शक होनी चाहिए।' दुर्भाग्य से ब्रिटिश शासन में मैकाले और स्वतंत्रता के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों और उनसे जुड़े शिक्षाविदों ने राजनीतिक स्वार्थों के लिए शिक्षा का दुरुपयोग किया, जिससे छात्रों, समाज और राष्ट्र को खासा नुकसान हुआ।

वर्तमान में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लेकर तमिलनाडु सरकार द्वारा केंद्र सरकार से की जा रही राजनीतिक रस्साकशी न केवल अवांछनीय है, बल्कि तमिलनाडु के छात्रों के हित में भी नहीं है। यह भारतीय संविधान की भावना के अनुरूप भी नहीं है। वर्तमान विवाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कुछ और विशेष रूप से उसके भाषाई प्रविधानों को लेकर उठा है।

स्टालिन एनईपी-के कई पहलुओं, जैसे त्रिभाषा सूत्र और कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट का विरोध कर रहे हैं। त्रिभाषा सूत्र को लेकर उनका आरोप है कि यह तमिलनाडु पर हिंदी और संस्कृत को थोपता है और इससे तमिल भाषा और संस्कृति पर खतरा है। स्टालिन ने एनईपी को समग्र शिक्षा अभियान और पीएमश्री स्कूल से जोड़ने के लिए भी केंद्र सरकार की आलोचना की है और प्रधानमंत्री मोदी से समग्र शिक्षा अभियान के तहत धन जारी करने की अपील की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने भारतीय संविधान के संघीय चरित्र का भी हवाला दिया है कि शिक्षा समवर्ती सूची में आती है और इसमें राज्यों को पूरी स्वायत्तता है।

तमिलनाडु के आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक लाभ की कोशिश में स्टालिन सरकार इस तरह के दावे कर रही है। इस आशंका में कि द्रमुक इस मुद्दे पर राजनीतिक लाभ न उठा ले, तमिलनाडु की विभिन्न राजनीतिक पार्टियां भी स्टालिन के स्वर में स्वर मिला रही हैं। मुद्दे को पूरी तरह से समझने के लिए एनईपी-2020 की निर्माण प्रक्रिया को जानना प्रासंगिक होगा। 21वीं सदी की सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हुई एनईपी-2020 को दुनिया भर में सराहा गया। तमिलनाडु सहित देश के चारों कोनों से 2.5 लाख ग्राम पंचायतों और 676 जिलों के शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों के आधार पर तैयार एनईपी-2020 सच्चे अर्थों में राष्ट्रीय है। एनईपी तैयार करने वाली समिति के अध्यक्ष के. कस्तूरीरंगन स्वयं तमिल मूल के हैं। एनईपी तो भारतीय भाषाओं और बहुभाषावाद को बढ़ावा देती है। इसमें संविधान की आठवीं अनुसूची की सभी 22 भाषाएं शामिल हैं। नया त्रिभाषा सूत्र पहले यानी 1968 और 1986 की त्रिभाषा नीतियों की तुलना में अधिक समावेशी और लचीला है। पहले की त्रिभाषा नीति में हिंदी-भाषी राज्यों में अंग्रेजी, हिंदी और एक अन्य भारतीय भाषा की पढ़ाई जाती थी, जबकि हिंदीतर राज्यों में अंग्रेजी, राज्य की क्षेत्रीय भाषा और हिंदी का प्रविधान था, लेकिन नई नीति में छात्र कोई भी दो भारतीय भाषाएं पढ़ सकते हैं। अब हिंदी या कोई भी भाषा विशेष अनिवार्य नहीं है यानी तमिलनाडु या किसी भी राज्य का छात्र तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, मराठी, हिंदी, संस्कृत, या आठवीं अनुसूची की कोई भी भाषा पढ़ सकता है। इसलिए स्टालिन का यह दावा कि तमिलनाडु पर हिंदी या संस्कृत थोपी जा रही है, भ्रामक और भड़काऊ है।

नए त्रिभाषा सूत्र से छात्रों को अन्य भाषाओं और संस्कृतियों को समझने का अवसर मिलेगा। इससे तमिलनाडु सहित सभी राज्यों के लोगों को व्यापार, व्यवसाय और अन्य क्रियाकलापों में आसानी होगी। संवैधानिक दृष्टिकोण से भी त्रिभाषा नीति भारतीय संविधान की भावना के अनुरूप है, क्योंकि त्रिभाषा से उपजे बहुभाषावाद से लोगों में आपसी समझ एवं आत्मीयता बढ़ेगी। भाषाएं केवल संचार की माध्यम नहीं, साहित्य-सांस्कृतिक समझ को विकसित कर सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा भी देती हैं। शिक्षा समवर्ती सूची में है, लेकिन अनुच्छेद 254 के अनुसार यदि राज्य और केंद्र के कानून में विरोधाभास हो, तो केंद्र का कानून प्रभावी होगा। इसके अलावा अनुच्छेद 257 यह सुनिश्चित करता है कि राज्य सरकारें ऐसे कदम न उठाएं, जो केंद्र की नीतियों में अवरोध बनें। कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट या मल्टीपल एंट्री-एग्जिट जैसी व्यवस्था तो सराहनीय और छात्रहित में हैं। इनका विरोध विशुद्ध राजनीति ही है।

# पीएम मोदी ने दिया सेहत का संदेश, मोटापे के खिलाफ लड़ाई की अलख जगाई

प्रधानमंत्री ने सेहत के प्रति जागरूकता लाने और इस क्रम में मोटापे से लड़ने के लिए अपने-अपने क्षेत्र के दस जाने-माने लोगों को नामांकित कर यही रेखांकित किया कि इस समस्या की गंभीरता को समझने की आवश्यकता है।

उन्होंने आनंद महिंद्रा, दिनेश लाल यादव निरहुआ, मनु भाकर, मीराबाई चानू, मोहनलाल, नंदन नीलेकणि, उमर अब्दुल्ला, आर. माधवन, श्रेया घोषाल, सुधा मूर्ति को नामांकित करते हुए यह अपेक्षा जताई कि ये सभी मोटापे के खिलाफ लड़ाई की अलख जगाने के साथ खाद्य तेल की खपत कम करने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करेंगे। प्रधानमंत्री ने समाज में असर रखने वाली इन हस्तियों से दस-दस और लोगों को इसी अभियान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नामांकित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री की यह पहल कुछ वैसी ही है, जैसी उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को प्रारंभ करते समय की थी। इस पहल के भी अनुकूल परिणाम सामने आने चाहिए, लेकिन इसमें वांछित सफलता तभी संभव है, जब आम लोग यह समझेंगे कि सेहतमंद जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता बढ़ गई है। आज की सुविधापूर्ण जीवनशैली मोटापा बढ़ाने का काम कर रही है। अब लोग उतना शारीरिक श्रम नहीं करते, जितना पहले अपनी सामान्य दिनचर्या के तहत किया करते थे। इसके अतिरिक्त खानपान की आदतें भी मोटापा बढ़ा रही हैं।



मोटापे को लेकर लोगों को सचेत होने की आवश्यकता इसलिए भी है, क्योंकि वह अनेक बीमारियों का कारण बनता है। बीमार शरीर केवल कार्यक्षमता को कम करने का ही काम नहीं करता, बल्कि स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ता है। सेहतमंद लोग किसी भी देश के लिए एक बड़ी पूंजी होते हैं। जब शरीर स्वस्थ रहता है तो लोग मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं और वे अपना काम कहीं अधिक तत्परता एवं निपुणता से करते हैं। इसका लाभ केवल उन्हें ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और देश को भी मिलता है। यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री ने सेहतमंद जीवन शैली की जरूरत को समझा, लेकिन इसके लिए जागरूकता अभियान छेड़ने के साथ ही मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए भी कुछ करना होगा।

यह किसी से छिपा नहीं कि अपने देश में बड़े पैमाने पर मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री बनती एवं बिकती है। इसमें एक बड़ा हिस्सा उस खाद्य सामग्री का होता है, जो सड़क किनारे की दुकानों पर मिलती है। इस सामग्री में केवल खाद्य तेल की मात्रा ही अधिक नहीं होती, बल्कि वह मिलावटी भी होता है।

# ठीक नहीं विदेशी रक्षा सामग्री पर निर्भरता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सबसे उन्नत लड़ाकू विमान एफ-35 की भारत को बिक्री की पेशकश की। इसके बाद से देश में बहस छिड़ी हुई है कि भारत को ये विमान खरीदने चाहिए या नहीं। इसका एक कारण यह है कि अमेरिका की तरह रूस ने भी भारत को अपने सबसे उन्नत लड़ाकू विमान सुखोई-57 को बेचने का प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव में सुखोई-57 का भारत में रूस द्वारा निर्माण और उसके कलपुर्जों के निर्माण का काम भारतीय कंपनियों को दिया जाना भी शामिल है।

रूस इस सौदे में भारत को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान की तकनीक भी हस्तांतरित करने को तैयार हो सकता है, जिसमें फाइटर जेट इंजन निर्माण से लेकर रडार तकनीकी भी शामिल होगी। विडंबना यह है कि भारत में बहस इस पर केंद्रित रहती है कि किस देश से कौन सा हथियार खरीदा जाए। जहां हम इस प्रश्न को लेकर उलझे हैं कि पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान अमेरिका से खरीदे जाएं या रूस से, वहीं चीन ने छठी पीढ़ी के स्वनिर्मित लड़ाकू विमान का परीक्षण शुरू कर दिया है। भारत चौथी पीढ़ी के स्वनिर्मित हल्के लड़ाकू विमान तेजस की वायुसेना को अपेक्षित आपूर्ति ही नहीं कर पा रहा है।

इसे लेकर बीते दिनों वायुसेना प्रमुख ने भी असंतुष्टि जाहिर की। अगर हम यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिकी दबाव मान लेते तो संभव है कि तेजस के लिए जरूरी अमेरिकी कंपनी जीई के इंजन मिल गए होते। वैसे तेजस भी पूरी तरह स्वदेशी नहीं है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि रूस सैकड़ों प्रतिबंधों और दबावों के बावजूद तीन सालों से यूक्रेन युद्ध इसलिए जारी रख पा रहा है, क्योंकि वह हथियारों के निर्माण और ऊर्जा संसाधनों के मामले मंव आत्मनिर्भर हैं।

यह क्षमता ही किसी देश को सही मायनों में संप्रभु महाशक्ति बनाती हैं। इस क्षमता का ही परिणाम है कि अमेरिका के नए सत्ताधीश यह



बखूबी समझते हैं कि रूस जैसी आत्मनिर्भर शक्ति को निर्णायक रूप से हराया नहीं जा सकता और वे अब रूस से समझौते की बात कर रहे हैं। भारत विभिन्न देशों पर अपनी निर्भरता के चलते आज तक कोई युद्ध इतने समय तक चला ही नहीं पाया और युद्ध के मैदान में जीती बाजी भी हम विदेशी दबाव के चलते वार्ता की मेज पर हारते रहे हैं। 1971 का युद्ध गुलाम कश्मीर पर कोई निर्णायक फैसला लिए बिना जल्दबाजी में इसलिए समाप्त किया गया था, क्योंकि सोवियत नेता अमेरिका से एक सीमा से अधिक रार नहीं बढ़ाना चाहते थे और हम रक्षा और दूसरे मामलों में सोवियत संघ पर निर्भर थे। यही कारण है कि भारत के पहले सीडीएस रहे स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत चाहते थे कि भारत अपने रक्षा उपकरण स्वयं ही बनाए और वे अगर विदेशी रक्षा उपकरणों से गुणवत्ता में थोड़े कमतर भी हों तो भी स्वदेशी उत्पादों को ही वरीयता दी जानी चाहिए। जनरल रावत का कहना था कि यदि कोई स्वदेशी रक्षा उत्पाद गुणवत्ता के 70 प्रतिशत मानक भी पूरे कर दे तो विदेशी साजोसामान के मुकाबले उसे वरीयता मिलनी चाहिए। अगर ऐसा किया जाए तो देश का धन देश से बाहर नहीं जाता और बिना किसी दूसरे देश की नीतिगत प्राथमिकताओं का दबाव झेले ऐसे रक्षा उपकरणों का अनवरत उत्पादन किया जा सकता है। उच्च गुणवत्ता वाले ऐसे रक्षा उपकरणों का क्या ही लाभ, जिसके निर्माता देश के विभिन्न मामलों में नीतिगत दबाव भारत को झेलने पड़ें। जहां तक गुणवत्ता का प्रश्न है तो तकनीकी विकास एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें असफलताओं से भी सीखने को मिलता है और समय के साथ खामियों को गहन अनुसंधान से दूर किया जा सकता है। चंद्रयान-2 की असफलता के बाद चंद्रयान-3 में किए गए सुधारों के चलते वह बेहद सफल रहा।

गुणवत्ता में क्रमिक सुधार का चीन सबसे बड़ा उदाहरण है। चीन भी शुरुआती दिनों में हथियारों के लिए सोवियत संघ पर निर्भर था, परंतु उसने जो लड़ाकू विमान और युद्धक उपकरण एक बार सोवियत संघ से खरीदे, उनकी नकल कर वैसे ही उत्पाद स्वयं बनाने की कोशिश की। रिवर्स इंजीनियरिंग के माध्यम से बनाए गए ये उत्पाद प्रारंभ में अच्छी गुणवत्ता वाले नहीं थे, परंतु चीन निरंतर अनुसंधान में लगा रहा। चीनी सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से अपने छात्रों को पढ़ने विश्व भर के शीर्ष विश्वविद्यालयों में भेजा, जहां उन्होंने उच्च तकनीक से जुड़ा ज्ञान हासिल किया। बाद में विदेशी कंपनियों से भी ऊंचे पैकेज देकर उन्हें वापस चीन बुलाया ताकि वे अपने देश के लिए काम करें। सोवियत संघ ने भारत और चीन को मिग-21 विमान 1961-62 में लगभग एक ही समय पर बेचे थे। चीनी इंजीनियरों ने मिग-21 और सुखोई-15 के डिजाइन की नकल कर 1980 तक आते-आते अपना लड़ाकू विमान जे-8 बना डाला। 2017 में स्वनिर्मित पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान जे-20 को चीन अपनी वायुसेना में शामिल कर चुका है। इसके विपरीत 1984 में शुरू किए गए भारतीय हल्के लड़ाकू विमान कार्यक्रम के अंतर्गत तेजस विमान आज तक अपेक्षित संख्या में भारतीय वायुसेना को नहीं मिल सके हैं। यह स्थिति बहुत कुछ बताती है।

## खेल-खिलाड़ी

# 16 साल में पहली बार ग्रुप चरण से बाहर हुई मेजबान टीम

**नई दिल्ली।** गत चौंपियन और मेजबान पाकिस्तान का सफर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में ग्रुप चरण में ही थम गया है। न्यूजीलैंड की बांग्लादेश पर पांच विकेट से जीत के साथ ही पाकिस्तान की सभी उम्मीदें खत्म हो गई और ग्रुप ए से भारत तथा न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहें। मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तान टीम शुरुआत के दोनों ही मुकाबले में चुनौती पेश नहीं कर सकी और उसने कई गलतियां की जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि 19 फरवरी को इस आईसीसी टूर्नामेंट की शुरुआत हुई और छह दिन बाद ही मेजबान टीम का सफर खत्म हो गया।

पाकिस्तान को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उस वक्त झटका लगा था जब उसके स्टार ओपनर सईम अयूब चोट से उबर नहीं सके और चौंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए। उनकी जगह टीम में शामिल किए गए फखर जमां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच की दूसरी ही गेंद पर फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए जिससे भारत के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध नहीं हो सके। गेंदबाजी विभाग भी उतना प्रभावशाली नहीं रहा क्योंकि तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और नसीम शाह विपक्षी




टीम के बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी नहीं कर सके। पाकिस्तान की टीम में अबरार अहमद के तौर पर सिर्फ एक विशेषज्ञ गेंदबाज था, लेकिन उनका समर्थन करने के लिए दूसरे छोर पर स्पिनर की कमी थी। यह भी पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन का एक कारण रहा। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले पाकिस्तान ने अपने घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज में हिस्सा लिया था, लेकिन फाइनल में उसे हार मिली थी। कागजों में यह टीम कमजोर दिख रही थी, लेकिन माना जा रहा था कि घरेलू परिस्थितियों में पाकिस्तान कुछ दम दिखा सकता है। रिजवान की टीम हालांकि किसी विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई।

न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफमैच में 320 रनों का स्कोर खड़ा किया जिसमें विल यंग और कप्तान टॉम लाथम ने शतक जड़े। दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना भारत से हुआ जिसमें टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। बाबर आजम और इमाम उल हक ने टीम को अच्छी शुरुआत भी दिलाई, लेकिन पाकिस्तान इसका फायदा उठाने में असफल रहा। भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 241 रन के स्कोर पर ही रोका और लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली ने सामने मोर्चा संभाला और 43.2 ओवर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। यूं तो पाकिस्तान की उम्मीदें दो मैच हारने के साथ ही खत्म हो गई थी, लेकिन उसकी संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त न्यूजीलैंड की बांग्लादेश पर जीत ने कर दिया। पाकिस्तान ने इसके साथ ही कुछ अनचाहे रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। 2009 के बाद यह पहली बार है जब चौंपियंस ट्रॉफी की मेजबान टीम ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई है।

# कोहली से बेहतर वनडे खिलाड़ी नहीं देखा

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर तारीफकी है। पोंटिंग ने कहा है कि उन्होंने वनडे में कोहली से बेहतर खिलाड़ी नहीं देखा है। पोंटिंग का मानना है कि कोहली 50 ओवर के प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड पीछे छोड़ने में सफल होंगे। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रनों की पारी खेली थी। यह उनके वनडे करियर का 51वां शतक था।

कोहली पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान सबसे तेजी से वनडे में 14000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने इस मामले में सचिन को पीछे छोड़ दिया था। कोहली दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं जिन्होंने इस प्रारूप में 14000 रनों का आंकड़ा छूआ है। उनके अलावा सचिन और श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगाकारा ही इस उपलब्धि तक पहुंचे हैं। कोहली के वनडे में फिलहाल 14085 रन हैं और वह सचिन से 4341 रन पीछे हैं। सचिन के नाम वनडे में 18426 रन बनाने का रिकॉर्ड है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू कार्यक्रम में कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने कोहली के अलावा वनडे में इतना अच्छा खिलाड़ी देखा है। उन्होंने रन बनाने के मामले में मुझे पीछे छोड़ दिया है और अब उनसे दो बल्लेबाज ही आगे हैं। मुझे यकीन है कि वह चाहेंगे कि उनका नाम सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल रहे। पोंटिंग का कहना है कि कोहली के लिए यह असंभव कार्य नहीं है। उन्होंने कहा, शारीरिक रूप से कोहली फिट हैं और वह अपने खेल पर काफी मेहनम भी कर रहें थे। कोहली लंबे समय से काफी अच्छा कर रहे हैं, लेकिन सचिन को पीछे छोड़ने के लिए उन्हें अभी भी 4000 रन और बनाने हैं। यह दिखाता है कि सचिन कितने शानदार बल्लेबाज थे, लेकिन यह इसलिए भी था क्योंकि वह लंबे समय तक इस खेल को खेलते रहे। कोहली जैसे खिलाड़ी को आप नजरअंदाज नहीं कर सकते।




# शिव की स्तुति

शिव शंकर, भोले भंडारी
तुम हो भव से पार।
हरो पाप, संताप प्रभु
करो कृपा अपार

गरजे गगन, बजे डमरू,
त्रिभुवन में गूंजे जयकार।
कालजयी, काल के स्वामी,
करो सबका उद्धार

गंगा-धारी, जटा-भूषित,
कंठ में बसा हलाहल।
फिर भी अमृत बरासाते हो,
करुणा के तुम बादल

मंदिर-मंदिर गूंज रहा है,
नमः शिवाय का स्वर।

श्रद्धा से जो शीश झुकाए,
आशीष मिले अपार

शिवरात्रि का पर्व है पावन,
शिव कृपा सब पाएँ।
रुद्राभिषेक कर, नाम जपें,
और जीवन सफल बनाएँ



**लेखिका/कवियत्री**
**प्रतिमा पाठक, दिल्ली।**


# अमर भास्कर

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्म्द राशिद
- उप संपादक : जहांगीर भारती


हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-


**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**
**पिन कोड-243601**
*Email- amarbhashkar21@gmail.com*
*Whatsapp. No. 9411214614*

# जिला प्रशासन ने कांवड़ियों की सेवा हेतु लगाया कावंड़ सेवा कैम्प

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** महाशिवरात्रि में भोले बाबा के भक्त कांवड़ लेने जनपद कासगंज में स्थित लहरा घाट में बहुत-बहुत दूर से आ रहे हैं। इन कॉवड़ियों की सेवा में जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की जा रही है। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा भी कावड़ियों की सेवा हेतु फलाहार, अल्पाहार व चिकित्सा शिविर लगाया गया।




शिविर में मुख्य विकास अधिकारी सचिन, तथा अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल, एसडीएम संजीव कुमार, जिलाधिकारी स्टेनो धर्मेंद्र कुमार द्वारा अपने हाथों से शिव भक्तों को , छाछ, केले, सेव, अंगूर बिस्कुट, पेटा व पानी आदि का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा में लाखो श्रद्धालु धूप में पैदल चलकर गंगा जल लेकर अराध्य शिव शंकर का जलाभिषेक करने हेतु अपने गन्तव्य की ओर जा रहे है, भगवान भोलेनाथ उनकी मनोकामना को पूरा करे तथा उनकी यात्रा सफल हो। इसी कामना के साथ अधिकारियो ने आने वाले श्रद्धालुओ का स्वागत किया।

श्रद्धालुगण भी प्रशासन की व्यवस्था को देखकर खुश नजर आये और अल्पाहार कर बम-बम भोले का जयकारा लगाते हुए अपने पथ की ओर रवाना हुये। श्रद्धालुओ के लिए लगाये गये शिविरो में उनके खान-पान एवं ठहरने की व्यवस्था और स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था, साफ-सफाई की व्यवस्था प्रशासन द्वारा अच्छे से की गई जिससे श्रद्धालुओ को कठिनाई का सामना ना करना पड़े।

# पर्यटन के रूप में जादुंग गांव को मिलेगी पहचान

**उत्तराखंड।** भारत-चीन युद्ध के बाद वीरान पड़ा उत्तरकाशी जिले का सीमांत जादुंग गांव को अब पर्यटन ग्राम के रूप में पहचान मिलेगी। इसके लिए प्रदेश सरकार ने पर्यटन विकास की योजना पर काम शुरू कर दिया है। शीतकाल में निर्माण कार्यों को अप्रैल व मई महीने से फिर से शुरु करने के तैयारी है।



वर्ष 1962 में भारत-चीन युद्ध के बाद से उत्तरकाशी जिले का सीमांत गांव जादुंग वीरान था। पिछले वर्ष से यहां छाई खामोशी टूटने लगी है। सरकार ने इस गांव को पर्यटन गांव के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। गढ़वाल मंडल विकास निगम को कार्यदायी संस्था नियुक्त किया गया है। जीएमवीएन के प्रबंध निदेशक विशाल मिश्रा के अनुसार सीमांत गांव जादुंग में शीतकाल की वजह से जिन निर्माण कार्यों को रोका गया था, उन्हें दो महीने बाद फिर से शुरू कर दिया जाएगा।

पहले चरण में जीएमवीएन ने जादुंग गांव में छह जीर्ण-शीर्ण घरों के पुनर्निर्माण पर फोकस किया है। इसके लिए वहां पर 19 सितंबर 2024 से कार्य शुरू कराया गया। चार घरों को पूरी तरह से ध्वस्त करने के बाद उनके पुनर्निर्माण का काफी काम हो गया है। इस कार्य के लिए 365. 33 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी, इसमें शासन स्तर पर 146 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। आठ अन्य भवनों के पुनर्निर्माण के लिए 493.36 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार किया गया।

जादुंग गांव में उत्सव मैदान बनाया जाएगा। इसके लिए 997.31 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार किया है। इसके अलावा भेरोंघाटी जादुंग मोटर मार्ग पर हिंडोलीगाड़ में कारवां पार्क के विकास के लिए 999.89 लाख रुपये का प्रस्ताव बनाया गया। जादुंग गांव में 91.38 लाख रुपये प्रवेश द्वार और चेक पोस्ट निर्माण का काम अप्रैल माह से शुरू किया जाएगा। भैरोंघाटी जादुंग मोटर मार्ग पर गर्तांग गली के सामने स्थित हवा बैंड में व्यू प्वाइंट बनाने के लिए 50. 43 लाख श्रीकांठा में व्यू प्वॉइंट के लिए 66 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं।

# रोडवेज की सभी बसों में लगेंगे जीपीएस व कैमरे




**उत्तराखंड।** जिले रोडवेज की बसों की निगरानी अब परिवहन निगम प्रबंधन जीपीएस व ऑनलाइन कैमरों से करेगा। इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। जल्द ही सभी बसों में जीपीएस डिवाइस व ऑनलाइन कैमरे लगाए जाएंगे। रोडवेज बसों के संचालन, माइलेज, सवारियों की शिकायतों के मद्देनजर परिवहन निगम प्रबंधन नए बदलाव लागू करने की तैयारी कर रहा है।

निगम की एमडी रीना जोशी ने इसके लिए अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सबसे पहले उन कंपनियों को बुलाया जाएगा जो बसों में जीपीएस और ऑनलाइन सीसीटीवी की सुविधा उपलब्ध करा सकें।

जीपीएस लगाने से एक फायदा ये भी होगा। कि रोडवेज की बसें निर्धारित से अलग मार्गों से नहीं चलेंगी। इससे उनका माइलेज भी दुरुस्त होगा। अमर उजाला से बातचीत में रीना जोशी ने बताया कि जीपीएस को एक ही कंट्रोल रूम से ट्रैक किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार, सीसीटीवी कैमरे को भी कंट्रोल रूम से देखा जा सकेगा। इससे बस में सवारियों की शिकायतें आने का सिलसिला कम हो जाएगा। ड्राइवर, कंडक्टर भी और अधिक अनुशासन के साथ अपनी ड्यूटी को अंजाम दे सकेंगे।

अभी कुछ बसों में कैमरे तो लगे हैं लेकिन उनकी लाइव फुटेज देखने की व्यवस्था नहीं है। किसी बस में सवारियों या चालक-परिचालक के साथ अभद्रता के मामले की जांच के दौरान फुटेज उस बस में रखी हार्ड डिस्क से ली जाती है। लेकिन लाइव फुटेज की व्यवस्था होने के बाद निगरानी आसान और रियल टाइम होगी। एमडी रीना जोशी ने बताया कि अभी इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। पहले कंपनियों से आरएफ्पी लिए जाएंगे। इसके बाद ही आगे कदम बढ़ाए जाएंगे।

# प्रेमी के साथ चार बच्चों की मां हुई फरार



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना नखासा क्षेत्र अंतर्गत चार बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ घर में रखे नगदी व मोबाइल लेकर फरार हो गई। बच्चों को साथ लेकर थाने पहुंचा पति आरोपी प्रेमी के खिलाफ दी तहरीर। कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। मंगलवार को थाना नखासा क्षेत्र की ग्राम पंचायत निवासी महिला आयु लगभग 35 वर्ष जो की चार बच्चों की मां है। अपने प्रेमी कोटा निवासी किशोर से पिछले एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आपको बता दें की प्रेमिका के गांव में ही प्रेमी की बुआ रहती है।

प्रेमी का अपनी बुआ के घर पर आना जाना था। इसी बीच दोनों आपस में एक दूसरे से प्यार करने लगे। ओर एक दूसरे से फोन पर बात करने लगे। तीन दिन प्रेमिका अपने प्रेमी से फोन पर वीडियो कॉल बात कर रही थी। लेकिन इसी बीच उसका पति आ गया। ओर बात करते हुए पकड़ लिया। दोनों में आपस में विवाद हुआ। लेकिन उस समय तो सब शांत हो गए। मंगलवार को प्रेमिका का पति गांव में ही मजदूरी करने के लिए गया था। ओर चारों बच्चे गांव के ही स्कूल में पढ़ने के लिए गए थे।

पति को काम नहीं मिला तो घर वापस आ गया। तो देखा की पत्नी घर पर नहीं है जिसको इधर-उधर काफी तलाश किया गया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बाद में पता चला की वह अपने प्रेमी के साथ चली गयी है। ओर घर में रखे रूपए व एक मोबाइल अपने साथ लेकर फरार हो गयी है पति अपने बच्चों के साथ थाने पहुंचा ओर आरोप के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए पत्नी को कुशल बरामद कराने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

## सार-संक्षेप

### अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री ऑफिस तथा कोषागार पर लगाए ताले




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** जिले में बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के के आह्वान पर संभल के अधिवक्ताओं ने विशाल जुलूस निकाल कर सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की तथा कोषागार तथा रजिस्ट्री ऑफिस पर ताले लगाकर नाराजगी जताई अधिवक्ताओं ने कहा कि सरकार अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 को वापस लेना होगा। अधिवक्ता इस काले कानून को लागू नहीं होने देंगे अधिवक्ताओं ने सरकार को चेतावनी दी कि, सरकार अधिवक्ताओं से टकराने की कोशिश ना करें अन्यथा सरकार की विदाई तय है और जब तक यह बिल सरकार वापस नहीं करेगी तब तक हमारा विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

अधिवक्ताओं ने एक जुट होकर उपनिबंधक कार्यालय एवं जिला कोषागार की तालेबंदी की इस दौरान मुख्य रूप से प्रदीप कुमार गुप्ता डॉ अमित कुमार उठवाल, मोह इस्लाम, मोह कामिल ताहिर हुसैन, शरद भारद्वाज, मोह जफर, अली सादिक , गुरुदत्त गुप्ता, उमर अल्वी, अरविंद सिंह, जितेंद्र कुमार मौर्य, सचिन कुमार, वाहिद सैफी, रवि चौधरी, गजनफर हुसैन अब्दुलरहमान, गजेंद्र सिंह, रामरहीस यादव आदि अधिवक्ता शामिल हुऐ।

### डीएम-एसपी ने महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों का किया निरीक्षण



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जिलाधिकारी सम्भल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत शिवालयों व जल लेकर आने वाले श्रद्धालुओं तथा कांवड़ यात्रा को लेकर थाना बहजोई क्षेत्रान्तर्गत गांव सादातबाड़ी स्थित प्राचीन पातालेश्वर महादेव व थाना कुढ़फतेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत बेरनी शिव मंदिर का निरीक्षण किया गया तथा तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान मंदिर में साफ-सफाई रखने, सीसीटीवी कैमरे व यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने, श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश के लिए पर्याप्त बेरिंकेडिंग की व्यवस्था किए जाने एवं कांवड़ियों के लिये की जाने वाली व्यवस्था तथा इसके अतिरिक्त पेयजल आदि की व्यवस्था दुरुस्त रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान उपजिलाधिकारी चन्दौसी, क्षेत्राधिकारी चन्दौसी आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शोक सभा आयोजित

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन आईरा की बैठक कैंप कार्यालय सोरों में संपन्न हुई बैठक में वसीम कुरेशी पत्रकार के पिताजी का आकस्मिक निधन होने पर पत्रकार बंधुओ ने शोक व्यक्त किया, 2 मिनट का मोन धारण कर मृतक पुण्य आत्मा को मोक्ष प्राप्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से अवधेश दीक्षित, कपिल दिक्षित, सचिन उपाध्याय, रवि श्रोती, मनोज पाराशर विक्रम पांडे, रितेश द्विवेदी, दिलीप सक्सेना, नूर इस्लाम, मुनीश अहमद कुरैशी, अभय सक्सैना, राधेश्याम यादव मुकेश यादव, सोनू दुबे, अजीत पचौरी, राहुल दुबे पंकज पाराशर श्री भगवान उपाध्याय, के के सक्सेना, सौरभ यादव, मोरध्वज, राहुल दुबे आदि पत्रकार मौजूद थे।



# जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन चला रहा है अभियान

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** बाल अपराधों के खिलाफ जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी सम्भल में लगातार अभियान चला रहे है इसी क्रम में मंगलबार को अभियान को गति प्रदान करते हुए प्रयत्न संस्था और जिला प्रोबेशन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के सहयोग से पंवासा ब्लॉक के गोविंदपुर गांव में ग्राम प्रधान सुमन रानी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बाल विवाह न करने की शपथ ली इस अवसर पर संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी ने कहा की बच्चे देश का भविष्य हैं और देश के भविष्य को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है एवं लोगों को बाल अपराधों के विषय में जानकारी देते हुए बताया की हमारे आसपास हो रहे किसी भी बाल अपराध की जानकारी संबंधित नंबरों जिसमें चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, पुलिस 112 पर दे सकते है। जिससे की जनपद सम्भल को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।



बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है इसको जड़ से खत्म करने के लिए हम सबको मिलकर अबाज उठानी होगी, इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनीता रानी, आंगनवाड़ी राजवाला, तनवीर कौसर, वीरवती एवं टीम के फील्ड कोर्डिनेटर फरजंद अली वारसी, सिराज अहमद एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# सीएम सुक्खू ने महाकुंभ में पत्नी और बेटी संग लगाई डुबकी

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि महाकुंभ हमारी संस्कृति का परिचायक है और आस्था का केंद्र है। ऐसा आज से नहीं है। इतिहास के पन्ने पलटकर और अतीत में देखेंगे तो हमारी संस्कृति और संस्कार पहले ही दुनिया में प्रसिद्ध हैं। हिंदुस्तान की संस्कृति और हिंदुत्व पहले से ही विश्वविख्यात है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने यह बात प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कही।



मंगलवार को प्रयागराज में सीएम सुक्खू ने पत्नी कमलेश ठाकुर और बेटी के साथ आस्था की डुबकी लगाई। कहा कि महाकुंभ में स्नान करना बहुत अच्छा भाव है। यह आस्था और विश्वास का संगम है। कहा-हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। उन्हें इस बात की खुशी है कि उन्हें महाकुंभ में परिवार समेत स्नान करने का मौका मिला है। वह सब खुशी अनुभव कर रहे हैं। उनके साथ प्रधान मीडिया सलाहकार मुख्यमंत्री नरेश चौहान, उनकी बेटी, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू भी मौजूद रहे।

प्रयागराज दौरे को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने तंज कसा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जहां पूरी दुनिया महाकुंभ का पवित्र स्नान करने के लिए प्रयागराज पहुंच रही है, वहां सीएम सुक्खू को अब जाकर प्रयागराज जाने की याद आई है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि यह शुभ संयोग 144 वर्षों बाद आया है, लेकिन सीएम को इससे ज्यादा जरूरी मालदीव की यात्रा थी। अब किसी ने उनका मार्गदर्शन किया होगा, जिसके बाद वे स्नान करने के लिए गए हैं और यह अच्छी बात है, मैं इसका स्वागत करता हूं, लेकिन कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के बहुत से नेताओं ने प्रयागराज से दूरी ही बनाए रखी।

कुछ नेताओं ने आस्था तो कुछ ने श्रद्धा और कुछ ने मजबूरी के नाम पर महाकुंभ में डुबकी लगाई। सीएम साहब भी देर आए, लेकिन दुरुस्त आए।

# यूसीसी पोर्टल पर सरकारी कर्मचारियों का विवाह पंजीकरण अनिवार्य

**देहरादून।** सरकारी सेवा में कार्यरत सभी विवाहित कर्मचारियों के लिए यूसीसी पोर्टल पर विवाह पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी विभागों के मुखिया को नोडल अफसर तैनात करने के निर्देश दिए है। जिन कर्मचारियों का विवाह 26 मार्च 2010 के बाद हुआ है, उनके लिए यूसीसी पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। नोडल अफसर अपने जिलों के कर्मियों का समयबद्ध पंजीकरण करा रिपोर्ट सचिव गृह को भेजेंगे।



सोमवार को अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने भी इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। वहीं, मुख्य सचिव राधा ने यूसीसी पोर्टल पर निर्बाध पंजीकरण सुनिश्चित कराने के लिए निदेशक आईटीडीए को निर्देश दिए हैं। कहा है कि वे जिलों और विभागों को आवश्यक तकनीकी सहायता उपलब्ध कराएं। यदि किसी जिले या विभाग को तकनीकी आवश्यकता होगी तो वे तत्काल उनसे संपर्क करें।

# आगामी लोक अदालत को लेकर विश्राम कक्ष में की गई बैठक

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 08.03.2025 के सफलता पूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी के विश्राम कक्ष में एक बैठक तहसीलदार चंदौसी, संभल एवं गुन्नौर के साथ आयोजित की गयी एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक से वादों के निस्तारण करने पर अधिक बल दिया। तथा न्यायालय के बाहर विवादों का सुलह-समझौते से निपटारा करने जिससे की निष्पक्ष और सरल न्याय प्रदान किया जा सके।



संपत्ति अधिग्रहण, वित्तीय विवादों का लोक अदालतों द्वारा व्यापक और प्रभावी ढंग से समाधान करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये। उपरोक्त बैठक के अवसर पर नायब तहसीलदार गुन्नौर सारा अशरफ, नायब तहसीलदार चंदौसी ललिता देवी, नायब तहसीलदार संभल अरविन्द कुमार सिंह आदि उपस्थित रहें। यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अर्चना सिंह-प्रथम द्वारा दी गयी।

# पटरी पर फिर दौड़ेगी मंडल की 28 ट्रेनें

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कोहरे के कारण रद्द की गईं 28 ट्रेनें दो दिन बाद पटरी पर लौटेंगी। जनसेवा, जलियांवाला बाग एक्सप्रेस समेत कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को दिसंबर से 28 फरवरी तक के लिए रद्द किया गया था। इसके कारण अन्य ट्रेनों में यात्रियों का दबाव काफी बढ़ गया। रोजाना सैकड़ों यात्री परेशानी झेल रहे हैं। जल्द ही उन्हें राहत मिलेगी। रेल प्रशासन ने सर्दी और कोहरे होने पर मंडल की 28 ट्रेनों को रद्द करने के साथ 10 ट्रेनों के फेरे घटाए थे। रद्द की गईं ट्रेनों में शहीद, जनसेवा, डबल डेकर एक्सप्रेस आदि शामिल हैं। जिन ट्रेनों के फेर घटाए गए थे, उनमें काशी विश्वनाथ, काठगोदाम-दिल्ली एक्सप्रेस हैं।

# नौकाओं ने उत्तर कोरियाई मजदूरों का किया इस्तेमाल

**उत्तर कोरिया।** हिंद महासागर में काम कर रही कुछ चीनी ट्यूना मछली पकड़ने वाली नौकाओं ने 2019 से 2024 के बीच उत्तर कोरियाई मजदूरों को काम पर रखा, जो संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के प्रतिबंधों का उल्लंघन है। लंदन में मौजूद एनवायरनमेंटल जस्टिस फाउंडेशन की जांच में ये खुलासा हुआ है कि इन मजदूरों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। उन्हें सालों तक समुद्र में फंसे रहने पर मजबूर किया गया और वे अवैध मछली पकड़ने और डॉल्फिन को मारने जैसी गतिविधियों में शामिल थे।



रिपोर्ट के अनुसार, ईजेएफ ने 19 इंडोनेशियाई और फिलीपींस के मजदूरों से बात की, जिन्होंने उत्तर कोरियाई मजदूरों के साथ काम किया था। इन गवाहों और अन्य सूचनाओं से पता चला कि उत्तर कोरियाई नागरिक चीनी मछली पकड़ने वाली नौकाओं पर काम कर रहे थे। संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश विभाग के अनुसार, चीन में लगभग 1 लाख उत्तर कोरियाई मजदूर काम करते हैं।

रिपोर्ट में बताया गया कि दक्षिण-पश्चिम हिंद महासागर में काम कर रही 12 से अधिक चीनी नौकाओं के कप्तानों ने उत्तर कोरियाई मजदूरों की उपस्थिति को छिपाने की कोशिश की। बंदरगाहों पर जाने से पहले उन्हें छुपा दिया जाता था या दूसरी चीनी नौकाओं में भेज दिया जाता था। रिपोर्ट में कहा गया कि कई उत्तर कोरियाई मजदूर वर्षों तक समुद्र में ही रहे, कुछ तो लगभग 10 साल तक बिना अपने देश लौटे या जमीन पर कदम रखे।

एक नाविक के अनुसार, उत्तर कोरियाई मजदूरों को बंदरगाह पर उतरने नहीं दिया जाता था और न ही वे मोबाइल फोन इस्तेमाल कर सकते थे। रिपोर्ट में बताया गया कि 5 चीनी नौकाओं को शार्क फिनिंग, मजदूरी में धोखाधड़ी, कागजात जब्त करने, शारीरिक और मानसिक शोषण जैसी गतिविधियों में लिप्त पाया गया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, उत्तर कोरिया में सरकार के नियंत्रण में जबरन श्रम कराया जाता है, जिससे राज्य को मुफ्त श्रम मिलता है और जनता पर सख्त निगरानी भी रखी जाती है।

ईजेएफ की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर कोरियाई मजदूरों को चीनी सीफूड प्रोसेसिंग प्लांट्स में भी काम करवाया गया, जहां से तैयार उत्पाद यूरोपियन यूनियन और अमेरिका को बेचे गए। 2017 में यूएन सुरक्षा परिषद ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके तहत सभी सदस्य देशों को उत्तर कोरियाई मजदूरों को काम पर रखने से रोक दिया गया था और 2019 के अंत तक अपने-अपने देशों से उन्हें वापस भेजने का आदेश दिया गया था। परमाणु और लंबी दूरी की मिसाइल परीक्षण करने के बाद लगाए गए थे।

## चार भारतीय कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उद्योग से जुड़ी कई कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। जिन कंपनियों पर अमेरिका की ओर से यह प्रतिबंध लगाए गए हैं। उन सभी का जुड़ाव ईरान के तेल उद्योग से है। प्रतिबंधित की गई इन कंपनियों में कुछ भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। अमेरिका की ओर से यह कदम ईरान पर दवाब बनाने के लिए लगाए हैं। सोमवार को अमेरिका ने ईरान के पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उद्योग से कथित जुड़ाव के लिए 16 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया जिनमें से चार भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। अमेरिकी वित्त विभाग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, प्रतिबंधित भारतीय कंपनियां ऑस्टिनशिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, बीएसएम मरीन एलएलपी, कॉसमॉस लाइन्स इंक और फ्लक्स मैरीटाइम एलएलपी हैं।

# कर्मचारियों ने मस्क पर दायर किया मुकदमा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अरबपति दोस्त एलन मस्क की संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी का मामला अब अदालत की चौखट तक पहुंच गया है। अमेरिकी दक्षता विभाग के प्रमुख मस्क को उनकी इस धमकी के लिए संघीय कर्मचारियों ने उनके खिलाफकोर्ट में मुकदमा दायर किया है। संघीय कर्मचारियों ने सोमवार को कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में अरबपति और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा दायर कर दिया।



वहीं, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी एलन मस्क का समर्थन किया है। ट्रंप ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बैठक के दौरान ओवल ऑफिस में कहा वह (मस्क) जो कर रहे हैं वह कह रहे हैं। वे पूछ रहे हैं कि क्या आप वास्तव में काम कर रहे हैं? संघीय कर्मचारियों के वकीलों ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के अरबपति सलाहकार एलन मस्क ने सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी देना कानून का उल्लंघन है।

कैलिफोर्निया की संघीय कोर्ट में दाखिल मुकदमे में कहा गया कि कर्मचारियों से हर सप्ताह उनसे कार्यों की उपलब्धियों की रिपोर्ट मांगी जा रही है। कर्मचारियों से पिछले हफ्ते के उनके पांच कामों के बारे में पूछा जा रहा है, जो एलन मस्क और राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से बड़े पैमाने पर छंटनी की कोशिश का एक हिस्सा है। ओपीएम संघीय सरकार के लिए एक मानव संसाधन एजेंसी के रूप में कार्य करता है। मुकदमे में इस आदेश को कानून का उल्लंघन बताया गया है। इसमें कहा गया है कि अमेरिका के इतिहास में कभी भी किसी ओपीएम नियम, विनियम, नीति या कार्यक्रम ने सभी संघीय कर्मचारियों से रिपोर्ट की मांग नहीं की है।

# कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजने का फैसला

**वाशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका की अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी में 1600 कर्मचारियों को बाहर करने का एलान किया है। साथ ही कई अन्य कर्मचारियों को छुट्टी पर भी भेजने की बात कही है। ट्रंप प्रशासन द्वारा यह कदम तब उठाया गया है जबकि हाल ही में एक संघीय न्यायाधीश ने दुनिया भर में यूएसएआईडी के हजारों कर्मचारियों को नौकरी से हटाने की अनुमति दी थी।



बता दें कि बीते दिनों इस मामले में सुनवाई के दौरान अमेरिकी जिला न्यायाधीश कार्ल निकोल्स ने एक मुकदमे में सरकार की योजना पर अपने अस्थायी रोक को हटाने की याचिका को खारिज कर दिया, जिसके बाद प्रशासन को यह कदम उठाने की छूट मिल गई। ट्रंप प्रशासन ने यूएसएआईडी के कर्मचारियों को एक नोटिस भेजा, जिसमें कहा गया कि रविवार 23 फरवरी, 2025 तक मिशन-महत्वपूर्ण कार्यों, मुख्य नेतृत्व औरध्या विशेष रूप से नामित कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदार नामित कर्मियों को छोड़कर सभी कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया जाएगा। यह कदम ट्रंप प्रशासन द्वारा यूएसएआईडी पर किए गए एक महीने से चल रहे हमले को और बढ़ाता है।

इस दौरान, विदेशी सहायता को रोकने के प्रयास के बाद, वाशिंगटन में एजेंसी का मुख्यालय भी बंद कर दिया गया था, और दुनिया भर में हजारों अमेरिकी सहायता और विकास कार्यक्रमों को रोक दिया गया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके समर्थक जैसे एलन मस्क का मानना है कि विदेशी सहायता और विकास कार्य फिजूल हैं और यह उदारवादी एजेंडे को बढ़ावा देते हैं। साथ ही नोटिस में यह भी कहा गया कि बर्खास्तगी और छुट्टी के नोटिस मिलने के बाद, सैकड़ों ठेकेदारों को बिना नाम के समाप्ति पत्र मिले। इन नोटिसों के कारण, ठेकेदारों के लिए बेरोजगारी लाभ प्राप्त करना कठिन हो सकता है क्योंकि इन पत्रों में कर्मचारियों के नाम और पद का उल्लेख नहीं किया गया है। इस फैसले से संबंधित एक और मुकदमे में एक अलग न्यायाधीश ने विदेशी सहायता पर लगी रोक को अस्थायी रूप से हटा दिया।

## रूस-यूक्रेन संघर्ष पर बोले मैक्रों

**मास्को।** रूस यूक्रेन संघर्ष को लेकर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उन्होंने एक अहम बैठक की, जिसमें शांति स्थापित करने पर चर्चा हुई। लेकिन उन्होंने साफकिया कि शांति का मतलब यूक्रेन का आत्मसमर्पण नहीं होना चाहिए। मैक्रों ने कहा कि बिना किसी गारंटी के युद्ध विराम नहीं होना चाहिए। यह शांति यूक्रेन की संप्रभुता को बनाए रखने वाली होनी चाहिए और उसे अन्य देशों से स्वतंत्र रूप से बातचीत करने की अनुमति देनी चाहिए।

मैक्रों ने कहा कि शांति का मतलब यह नहीं होना चाहिए कि यूक्रेन को बिना सुरक्षा गारंटी के युद्ध विराम के लिए मजबूर किया जाए। शांति का अर्थ यूक्रेन की संप्रभुता को बनाए रखना और उसे अन्य देशों के साथ बातचीत करने का मौका देना होना चाहिए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने अमेरिका और यूक्रेन के बीच हो रहे दुर्लभ खनिजों के समझौते की सराहना की।

# जेलेंस्की पर मंडराया दुनिया का कॉमेडियन राष्ट्रपति

**यूक्रेन।** देश के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की सच में एक कॉमेडियन राष्ट्रपति साबित होने वाले हैं? पेशे से जेलेंस्की एक कॉमेडियन रहे हैं और उन पर दो पाटन के बीच में साबुत बचा न कोय वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। यूरोप यूक्रेन और जेलेंस्की को लेकर चिंतित जरूर है लेकिन किसी देश के पास कोई उपाय नहीं है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका के अपने समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप से मिलकर यूक्रेन के युद्ध से बाहर आने के लिए सम्मानजनक रास्ते की मांग की है।



जबकि पुतिन और ट्रंप मुस्करा रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप कभी भी यूक्रेन-रूस युद्ध के पक्ष में नहीं रहे। इसको लेकर जेलेंस्की की भूमिका को लेकर वह उन पर कॉमेडियन होने का तंज कसते रहे हैं। वह अभी जेलेंस्की को तानाशाह कहते हैं। ट्रंप ने इसी तरह के बयानों से पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के नीतियों की कड़ी ओलोचना की थी। राष्ट्रपति चुनाव प्रचार में भी उन्होंने अमेरिका के लोगों से वादा किया था कि वह सत्ता में आए तो रूस-यूक्रेन युद्ध को रुकवा देंगे। मंडरा रहे आर्थिक मंदी के खतरे से दुनिया को बाहर ले आएंगे। अपने देश को ग्रेट अमेरिका बनाएंगे। राष्ट्रपति बनते ही ट्रंप ने बारी-बारी से नाटो संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, पेरिस के जलवायु परिवर्तन समझौते को झटका देना शुरू किया। यूक्रेन को भी झटका दे दिया और तत्काल प्रभाव से अमेरिका की सहायता पर रोक लगा दी।

पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन जिस यूक्रेन को खाद पानी दे रहे थे और नाटो संगठन के सहयोग, यूरोप के साथ के बल पर राष्ट्रपति जेलेंस्की रूस से लड़ रहे थे, राष्ट्रपति ट्रंप की टीम ने उस नीति को उल्टा लटका दिया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूरोपीय संघ की ओर से यूक्रेन पर हमले के लिए रूस के खिलाफनिंदा प्रस्ताव पेश किया गया था।

इस प्रस्ताव पर अमेरिका ने रूस का साथ देते हुए मतदान किया। यूक्रेन को उसके हाल पर छोड़ दिया। ब्रिक्स के सदस्य देश भारत-चीन समेत 65 देशों ने रूस के पक्ष में रुख अपनाते हुए मतदान में हिस्सा नहीं लिया। यूरोपीय संघ का प्रस्ताव कमजोर पड़ा और यूक्रेन में शांति, शत्रुता को यथाशीघ्र खत्म करने, तनाव समाप्त करने की राष्ट्रपति ट्रंप की मंशा पर मुहर लग गई। राष्ट्रपति शी जिनपिंग, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तीनों एक सीधी रेखा में हैं। यूरोप अमेरिकी रूख को मानने के लिए मजबूर है। महाशक्तियों के बीच में बन रही इस सहमति ने यूक्रेन की चिंताओं को काफी बढ़ा दिया है।

# कई शीर्ष वकील भी नौकरी से निकाले

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शीर्ष सैन्य अधिकारियों के बाद अब सेना के वरिष्ठ वकीलों को भी नौकरी से निकाल दिया गया है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यह आदेश दिया है और उनका कहना है कि जिन वकीलों को नौकरी से निकाला गया है, वे योग्य नहीं थे।



गौरतलब है कि शुक्रवार को ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीफ ऑफ स्टाफ एयरफोर्स जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर को उनके पद से हटा दिया। साथ ही अमेरिकी नौसेना की एडमिरल लिसा फ्रेंचेट्टी, वायुसेना के उप-प्रमुख जेम्स स्लाइफको भी पद से हटा दिया है। ये अमेरिकी सेना के ढांचे में बड़े बदलाव का संकेत है। अब अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने थल सेना, नौसेना और वायुसेना के लिए जज एडवोकेट जनरल के पदों पर नियुक्त वकीलों को भी पद से हटा दिया है और नए उम्मीदवारों के आवेदन मांगे हैं।

रक्षा मंत्री ने हालांकि पद से हटाए गए सैन्य वकीलों के नाम नहीं बताए, लेकिन अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, थल सेना के वकील लेफ्टिनेंट जनरल जोसेफबी बर्जर, एयरफोर्स के वकील लेफ्टिनेंट जनरल चार्ल्स प्लमर को नौकरी से निकाला गया है। वहीं नौसेना के वाइस एडमिरल क्रिस्टोफर फ्रेंच दो महीने पहले ही रिटायर हो चुके हैं। इन अधिकारियों को पद से हटाने की कोई खास वजह सामने नहीं आई है। इससे पेंटागन के अधिकारियों और कर्मचारियों में डर का माहौल है। शीर्ष सैन्य अधिकारियों को पद से हटाने के राष्ट्रपति ट्रंप के फैसले का बचाव करते हुए रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जब भी कोई नया राष्ट्रपति चुना जाता है तो वो अपने हिसाब से शीर्ष सैन्य अधिकारियों में बदलाव करते हैं और अपने भरोसेमंद लोगों को अहम पदों पर नियुक्त करते हैं।

उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने वायुसेना के प्रमुख पद पर रिटायर्ड अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल डैन कैन को नियुक्त किया है। हालांकि कानूनी तौर पर लेफ्टिनेंट जनरल वायुसेना प्रमुख बनने की शर्तों को पूरा नहीं करते हैं। ऐसा नहीं है कि पूर्व में शीर्ष सैन्य अधिकारियों को पद से नहीं हटाया गया है। बीते दशक में तीन स्टार और चार स्टार वाले कई अफसर नौकरी से निकाले गए हैं।

## अप्रैल से लागू होंगे नए आयात कर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार कनाडा और मैक्सिको से आयात होने वाले सामानों पर टैरिफ लगाने जा रही है। यह टैरिफ मार्च से लागू होंगे, जिससे महंगाई और आर्थिक मंदी का खतरा बढ़ सकता है। व्हाइट हाउस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने कहा कि हम टैरिफ को तय समय पर लागू कर रहे हैं और यह तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले महीनों में और अधिक टैरिफ लगाए जा सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अन्य देश अमेरिका से आयात होने वाले सामानों पर ज्यादा टैक्स लगाते हैं, जिससे अमेरिकी उद्योगों और नौकरियों को नुकसान होता है।

# ट्रंप ने विवेक रामास्वामी को बताया बेहद खास, ओहायो गवर्नर पद के लिए किया समर्थन का एलान

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में दावेदारी पेश कर चुके भारतवंशी विवेक रामास्वामी ने अब ओहायो राज्य को गवर्नर के पर पर अपनी दावेदारी पेश की है। गौरतलब है कि अब राष्ट्रपति ट्रंप ने भी विवेक रामास्वामी के समर्थन का एलान कर दिया है।



ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसका एलान किया और विवेक रामास्वामी को खास बताया। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर लिखे एक पोस्ट में लिखा कि विवेक रामास्वामी महान राज्य ओहायो के गवर्नर पद की रेस में हैं। मैं उन्हें अच्छी तरह से जानता हूं और उनके खिलाफ चुनाव भी लड़ चुका हूं। वह बेहद खास हैं। वह युवा हैं, मजबूत और बेहद समझदार हैं। विवेक एक अच्छे इंसान भी हैं, जो हमारे देश को बेहद प्यार करते हैं। वह एक ओहायो के एक महान गवर्नर होंगे और कभी भी लोगों को निराश नहीं करेंगे।

उन्हें मेरा पूर्ण समर्थन है। विवेक रामास्वामी, एक धनी बायोटेक उद्यमी हैं, जिन्हें अरबपति कारोबारी एलन मस्क के नेतृत्व में सरकारी दक्षता विभाग का सह-नेतृत्वकर्ता चुना गया था, लेकिन विवेक रामास्वामी ने ओहायो गवर्नर पद का चुनाव लड़ने के लिए सरकारी दक्षता विभाग में शामिल होने से इनकार कर दिया था। विवेक रामास्वामी ने सोमवार को घोषणा की कि वह ओहायो के गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। रामास्वामी ने ओहायो को आर्थिक महाशक्ति बनाने का वादा किया है।

# कार्यालयों में वापस लौटें संघीय कर्मचारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बड़ी संख्या में संघीय कर्मचारी कोरोना महामारी के बाद से ही घर से काम कर रहे थे। अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के बाद सभी संघीय कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों में वापस लौट रहे हैं।



सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख और राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी दिग्गज अरबपति एलन मस्क ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि जो कर्मचारी इस सप्ताह अपने-अपने कार्यालय नहीं लौट पाते हैं तो उन्हें प्रशासनिक अवकाश पर भेज दिया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के नए प्रशासक ली जेल्डिन ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पूर्णकालिक रूप से घर से काम करने की सुविधा को समाप्त कर दिया है।

जेल्डिन ने कहा कि पिछले साल सोमवार और शुक्रवार को मुख्यालय में कर्मचारियों की औसत उपस्थिति 9 प्रतिशत से भी कम रही। हालांकि अभी सभी कर्मचारियों के बैठने के लिए कई कार्यालयों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। ऐसे में सभी कर्मचारियों को कार्यालय लौटने में अभी थोड़ा वक्त लग सकता है। सरकार ने भी 50 मील दूर रहने वाले कर्मचारियों को अभी कार्यालयों में रिपोर्ट करने से छूट दी है और उन्हें कुछ वक्त दिया है।

अमेरिका के स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग ने भी अपने दूरस्थ कर्मचारियों को दफ्तरों में लौटने का निर्देश दिया है, भले ही उनकी नियुक्ति दूरस्थ भूमिका के लिए की गई थी। प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार, अमेरिका में पिछले साल नवंबर तक संघीय सरकार ने 30 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया था।

## चिकित्सा उपकरण उद्योग को मिली राहत

**नई दिल्ली।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन में पिछले सप्ताह बड़े पैमाने पर हुई बर्खास्तगी के ठीक एक सप्ताह बाद, कुछ कर्मचारियों को अप्रत्याशित रूप से सूचित किया गया कि सरकार ने उन्हें वापस बुला लिया है। शुक्रवार रात से, एफडीए के कर्मचारियों को कॉल और ईमेल प्राप्त हुए, जिनमें बताया गया कि उनकी हाल ही में की गई बर्खास्तगी को तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। बता दें कि यह निर्णय एफडीए के कर्मचारियों के लिए एक बड़ा उलटफेर था, जिन्होंने पहले अपनी बर्खास्तगी के बाद नौकरी छोड़ने का फैसला किया था।

# युद्ध को लेकर इस्राइली विदेश मंत्री का बड़ा बयान

**यरुशलम।** इस्राइल के विदेश मंत्री गिडियोन सार ने कहा है कि बंधकों की रिहाई के लिए उनका देश हमास के साथ युद्धविराम को बढ़ाने के लिए तैयार है। ब्रूसेल्स में यूरोपीय यूनियन के 20 विदेश मंत्रियों को सूचित करते हुए इस्राइली विदेश मंत्री ने ये बात कही। हालांकि उन्होंने ये साफ कर दिया कि बंधकों की रिहाई के बगैर कोई युद्धविराम नहीं होगा।



इस बैठक में इस्राइली विदेश मंत्री के अलावा हंगरी, रोमानिया, बुल्गारिया, फिनलैंड, स्लोवाकिया आदि देशों के विदेश मंत्री मौजूद रहे। इस्राइली विदेश मंत्री सार ने कहा कि हम बंधकों की रिहाई के लिए प्रतिबद्ध हैं और युद्ध का भी यही उद्देश्य तय किया है। सार ने ईरान पर भी कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस्राइली मीडिया ने दो अंतरराष्ट्रीय राजनयिकों के हवाले से दावा किया है कि युद्धविराम के पहले चरण के दौरान हमास द्वारा बंधकों को रिहा करने के दौरान समारोह आयोजित करने से आतंकवादी समूह के गाजा में सत्ता में बने रहने की संभावनाओं को काफी नुकसान पहुंचाया है। हमास ने इन समारोह के जरिए यह दिखाने की कोशिश की कि अभी भी उसका गाजा पर नियंत्रण बना हुआ है।

हालांकि इस्राइल और अन्य कई देशों ने बंधकों की रिहाई के लिए आयोजित हो रहे इन समारोहों को अपमानजनक करार दिया और इन्हें रोकने की मांग की। इस्राइली मीडिया के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पर नियंत्रण के सुझाव ने भी अरब देशों पर दबाव डाला है कि वे गाजा के युद्ध के बाद के प्रबंधन पर ध्यान दें और हमास को सत्ता से हटाएं।

वरिष्ठ अरब राजनयिक के हवाले से इस्राइली मीडिया ने दावा किया है कि हमास भी गाजा पर से नियंत्रण छोड़ने के लिए तैयार है, लेकिन वह हथियार छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उल्लेखनीय है कि इस्राइल और हमास के बीच पहले चरण का युद्धविराम समझौता अभी चल रहा है और यह मार्च की शुरुआत तक चलेगा। 19 जनवरी 2025 से लागू हुए 42 दिन के इस युद्धविराम समझौते में 33 इस्राइली बंधकों को रिहा किया जाना है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941



# इसलिए फिल्म निर्माता बनना चाहते थे अनुराग कश्यप, सिनेमा को लेकर की अपने मन की बात

**अनुराग कश्यप ने सिनेमा के प्रति को दिखाया है। निर्माता अनुराग कश्यप ने कहा कि जब चीजें खराब हो जाती हैं, तो वे खुद को याद दिलाते हैं कि वे कहां से आए हैं। अनुराग ने यह भी कहा कि उनके पास आज इंडस्ट्री में काम कर रहे, कई स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं की तुलना में अधिक विशेषाधिकार हैं और यही वह चीज है जिस पर वे अपने रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं के बजाय ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।**

### इसलिए फिल्म निर्माता बनना चाहते थे अनुराग

फोर्ब्स को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि इन दिनों दर्शक बड़े बजट की फिल्मों को देखना पसंद करते हैं, इस बीच वे स्ट्रीमिंग पर आने वाली छोटी फिल्मों का इंतजार करते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने भविष्य की ओर देखना बंद कर दिया है। अब मैं उन चीजों पर बात करना चाहता हूं, जिस पर बात करना लोगों ने बंद कर दिया है। मैं एक फिल्म निर्माता बनना चाहता था क्योंकि मुझे बड़े पर्दे पर फिल्में देखना पसंद है।

### सिनेमा से है बेहद प्यार

अनुराग कश्यप ने कहा कि मैं घर पर जो रुकावटें आती हैं, उसके कारण घर पर फिल्में देखना पसंद नहीं करता हूं। उन्होंने कहा, मुझे सिनेमा में ही फिल्म देखने में मजा आता है। अनुराग कश्यप ने कहा, क्या होगा अगर सब कुछ खराब हो जाए। अगर मेरा सारा काम गलत हो जाए। मैं जहां से आया हूं, वहीं चला जाऊंगा। मैं सिनेमा से बहुत प्यार करता हूं।

### निर्माताओं के साथ होती है तुलना

अन्य निर्माताओं के साथ तुलना किए जाने पर अनुराग बसु ने कहा कि मेरी अन्य निर्देशकों के साथ तुलना क्यों की जाती है। मुझे एक स्वतंत्र फिल्म निर्माता क्यों नहीं माना जाता। बता दें कि निर्माता अनुराग कश्यप की कन्नड़ फिल्म टाइगर्स पॉन्ड बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई।



# नरगिस फाखरी ने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड से की गुपचुप शादी!

एक्ट्रेस नरगिस फाखरी ने अपने लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड टोनी बेग से शादी कर ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने हाल ही में लॉस एंजिल्स में गुपचुप तरीके से शादी की। इसमें सिर्फ परिवार और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। अब यह कपल स्विट्जरलैंड में अपना हनीमून मना रहा है। हालांकि, नरगिस ने अभी तक इस मामले में कोई रिएक्शन नहीं दिया है। रेडिट पर नरगिस फाखरी और टोनी बेग की कुछ तस्वीरें शेयर की गई हैं। इसमें उनका वेडिंग केक दिखाई दे रहा है, जिस पर हैप्पी मैरिज लिखा हुआ है। साथ ही दोनों के साइन भी किए गए हैं।

### कौन हैं टोनी बेग

टोनी बेग कश्मीर के रहने वाले एक बिजनेसमैन हैं। दोनों की पहली मुलाकात एक पार्टी के दौरान हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नरगिस और टोनी 2022 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। नरगिस ने शेयर की स्विट्जरलैंड की फोटोज नरगिस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर स्विट्जरलैंड की कई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके अलावा, एक्ट्रेस टोनी की स्टोरीज भी री-शेयर कर रही हैं। इस वजह से सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि दोनों ने वास्तव में शादी कर ली है और अब वे हनीमून मना रहे हैं।

### उदय चोपड़ा को कर चुकी हैं डेट

उदय चोपड़ा ने साल 2013 में नरगिस फाखरी को डेट करना शुरू किया था। एक-दूसरे को पांच साल तक डेट करने के बाद, दोनों ने 2017 में ब्रेकअप कर लिया था। हालांकि, एक इंटरव्यू में उदय के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए नरगिस ने कहा था, उदय और मैंने 5 साल तक डेट किया और वह भारत में मुझे मिले सबसे खूबसूरत इंसान थे। मैंने मीडिया के सामने यह कभी नहीं कहा क्योंकि लोगों ने मुझे अपने रिश्ते को छिपाकर रखने के लिए कहा था, लेकिन मुझे इसका अफसोस है।

### इन फिल्मों में काम कर चुकीं नरगिस

मॉडलिंग की दुनिया में अपनी जगह बनाने के बाद नरगिस ने 2011 में फिल्म रॉकस्टार से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म के बाद नरगिस फिल्म मद्रास कैफे, मैं तेरा हीरो, अजहर, हाउसफुल 3 और अमावस जैसी फिल्मों में नजर आईं।



# तीन मिनट के रोल के लिए वसूले करोड़ों?

फिल्म डाकू महाराज में उर्वशी का रोल बहुत बड़ा नहीं है। मगर, शुरुआत से उन्होंने इस तरह का माहौल बनाकर रखा कि जैसे वे फिल्म की लीड अदाकारा हैं। इसे लेकर उन्हें काफी ट्रोलिंग भी झेलनी पड़ी है। अब एक बार फिर उर्वशी इस फिल्म में अपनी फीस को लेकर चर्चा में आ गई हैं। फिल्म में उर्वशी का रोल महज तीन मिनट का रहा है। मगर, मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए जा रहे हैं कि इसके लिए उन्हें अच्छा-खासा भुगतान किया गया है।


### तीन मिनट का रोल और फीस इतने करोड़

फिल्म डाकू महाराज में उर्वशी रौतेला की फीस को लेकर अटकलें लगी हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए जा रहे हैं कि अभिनेत्री को अपने करीब तीन मिनट के रोल के लिए तीन करोड़ रुपये फीस दी गई है। यानी एक मिनट के लिए एक करोड़ रुपये। हालांकि, खबरों में किए जा रहे दावों की अभी उर्वशी या किसी की तरफ से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### इस गाने से बटोरी चर्चा

उर्वशी ने फिल्म डाकू महाराज के दाबिड़ी-दीबिड़ी गाने से काफी लोकप्रियता हासिल की है। इसमें वे नंदमुरी बालकृष्ण के साथ नजर आईं। गाने में उर्वशी के डांस मूव्स पर भी काफी विवाद हुआ। 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई डाकू महाराज आज 21 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

# आयुष्मान के साथ पर्दे पर जमेगी शरवरी वाघ की जोड़ी



बॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक सूरज बड़जात्या को पारिवारिक और रोमांटिक कहानियों को बड़े पर्दे पर पेश करने के लिए जाना जाता है। हाल ही में उनकी अगली फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक शरवरी वाघ को आयुष्मान खुराना के साथ सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म के लिए कास्ट किया गया है।

### इस वजह से किया गया कास्ट

निर्देशक को हम साथ-साथ हैं, मैंने प्यार किया और हम आपके हैं कौन जैसी पारिवारिक फिल्मों के लिए जाना जाता है। रिपोर्ट के अनुसार शरवरी ने इस भूमिका के लिए सूरज बड़जात्या की तरफ से तय किए गए सभी मानदंडों को पूरा किया है। खासकर फिल्म में मासूमियत और संवेदनशीलता को शानदार तरीके से व्यक्त करने की उनकी क्षमता ने उन्हें इस भूमिका के लिए आदर्श उम्मीदवार बनाया।


### पहली बार जमेगी जोड़ी

दिसंबर 2024 में यह जानकारी सामने आई थी कि आयुष्मान खुराना सूरज बड़जात्या की फिल्म में प्रेम के किरदार में नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सूरज बड़जात्या को अपने आगामी पारिवारिक ड्रामा फिल्म के लिए एक नए चेहरे की तलाश थी। इस बार उन्होंने आयुष्मान खुराना को चुना है, जिनकी छवि परिवारों के बीच खासी लोकप्रिय है। यह आयुष्मान खुराना और शरवरी की एक साथ पहली फिल्म होगी।



# मोहनलाल ने कंफर्म की दृश्यम 3

मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल जल्द ही दृश्यम फेंचाइजी के अगले भाग में नजर आने वाले हैं। इस बात की जानकारी उन्होंने खुद ही सोशल मीडिया के जरिए दी है। मोहनलाल ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से लिखा, अतीत कभी शांत नहीं रहता। दृश्यम 3 कंफर्म। इस एलान के बाद फैंस का उत्साह काफी ज्यादा बढ़ गया है। लोग सोशल मीडिया पर कमेंट के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, क्लासिक क्रिमिनल वापस आ रहा है। एक और यूजर ने लिखा, इस फिल्म के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकती। इसके अलावा और भी यूजर्स कमेंट के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं।



# राजकुमार राव निभाएंगे सौरव गांगुली का रोल

राजकुमार राव जल्द ही अपकमिंग बायोपिक फिल्म में पूर्व भारतीय क्रिकेट कैप्टन सौरव गांगुली की भूमिका में नजर आएंगे। काफी समय से हीरो को लेकर चर्चा हो रही थी कि ऑन-स्क्रीन सौरव की भूमिका में कौन नजर आएगा। अब खुद क्रिकेटर ने अनाउंस किया है कि बड़े पर्दे पर उनकी भूमिका राजकुमार राव अदा करेंगे। पश्चिम बंगाल के बर्धमान में गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए सौरव गांगुली ने कहा, 'जो मैंने सुना है, उसके अनुसार राजकुमार राव लीड रोल निभाएंगे, लेकिन डेट को लेकर इश्यू है। इसलिए इस बायोपिक फिल्म के सिनेमाघरों में रिलीज होने में एक साल से ज्यादा का समय लग जाएगा।' यह बायोपिक फिल्म फिलहाल शूटिंग के स्टार्टिंग फेज में है। लेकिन इसकी अनाउंसमेंट के बाद से एक्टर के फैंस काफी एक्साइटेड हैं। हालांकि मेकर्स ने फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं दी है। फिल्म के नाम और अन्य कलाकारों का नाम भी अभी नहीं बताया गया है।





# मुश्किल वक्त मूव ऑन करने में यकीन करता हूं

बीते लंबे समय से अपनी निजी जिंदगी के कारण चर्चा में रहने वाले अर्जुन कपूर इन दिनों खबरों में हैं अपनी नई फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी को लेकर। अपनी पिछली फिल्म सिंघम अगेन में वे एक नेगेटिव किरदार में दिखे थे, मगर अब वे थिएटर में रोम-कॉम रूप में नजर आएंगे। इस मुलाकात में वे शादी, अपनी जिंदगी के उतार-चढ़ाव, सफर और अतीत को याद करते हैं बीते लंबे समय से फिल्में थिएटर में वो जलवा नहीं दिखा पा रही हैं। मगर अर्जुन इस मामले में प्रेशर फील नहीं करते। वे कहते हैं, प्रेशर लेने से क्या होगा? हम अदाकार हैं। हमारा काम अभिनय करना है। आज का दर्शक बहुत समझदार हो गया है। इस सचाई को स्वीकारना होगा कि फिल्म अच्छी होगी तो चलेगी।

### मेरे वैल्यूज आज भी जस के तस हैं

आज से तकरीबन 13 साल पहले अर्जुन कपूर ने इश्कजादे से फिल्मों में एंट्री की थी। तब से लेकर अब तक के अपने सफर के बारे में वे कहते हैं, इश्कजादे में आपने जिस मासूम और वल्नरेबल लड़के को देखा था, वही वल्नरेबिलिटी आज भी है। दौर बदल गया है, चीजें बदल गई हैं, मगर मेरे कोर वैल्यू जस के तस हैं। मेरे माता-पिता और परिवार ने जो कुछ सिखाया है। मैं आज भी वही हूं। दस-बारह सालों में मेरी जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव आए, मगर मैं अटल रहा हूं। मैंने अपने काम से जवाब दिया, उन लोगों को जिन लोगों ने मुझ पर सवाल उठाए। मैं लगातार अपना काम करता गया। इश्कजादे, टू स्टेट, की एंड का, संदीप और पिंकी फरार, मुबारका जैसी फिल्मों से मैं ऑडियंस का प्यार पाता गया। मगर सिंघम अगेन में मुझे दर्शकों और क्रिटिक्स का प्यार मिला है, तो वो मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। अब मुझे अपनी इस नई फिल्म से बहुत उम्मीद है। मैं कह सकता हूं कि मेरा सफर शानदार रहा और आज मैं जो कुछ हूं, इसमें मेरी यात्रा का बहुत बाद योगदान रहा है।

### शादी आज भी हमारे समाज में अहम है

अर्जुन की ताजा-तरीन फिल्म शादी -ब्याह पर आधारित है। असल जिंदगी में वे शादी के बारे में कहते हैं, हम जिस देश में पले-बढ़े हैं। उसकी सभ्यता और विचारधारा को समझना बहुत जरूरी है। उसमें शादी एक अहम भूमिका अदा करता है। ऐसे में आपके बड़े-बूढ़े चाहते हैं कि आप शादी करके खुश रहें, स्थायी हो जाएं, आपको भागदौड़ भरी जिंदगी में एक संतुलन मिले। आप जब घर लौटें, तो घर पर एक आधार पाएं। मैं इस विचारधारा से सहमत हूं कि आपकी एक रिलेशनशिप हो जो शादी में तब्दील हो। मगर अब बात बदल गई है। पहले आप दो लोग एक समय में शादी करके एक साथ अपनी जिंदगी बनाते थे, मगर अब ऐसा हो गया है कि पहले जब आप अपनी जिंदगी संभाल पाएंगे, उसी के बाद किसी को अपने जीवन में ला पाएंगे। आज शादी में स्टेबिलिटी पहले देखी जाती है, मगर इसके बावजूद यही कहूंगा कि शादी आज भी हमारे समाज में बहुत मजबूत है।

### जिस फिल्म में असिस्टेंट था, आज उसी के पार्ट 2 हीरो हूं

फिल्म परिवार के होने के साथ-साथ वे 16 साल की उम्र में सहायक निर्देशक भी रहे। वे कहते हैं, देखिए मैं सिनेमा के बैकग्राउंड से हूं। घर पर खाना परोसा जाता तो सिनेमा के साथ साथ ही बात शुरू होती है और सिनेमा के साथ ही बात खत्म होती है। मगर यदि आपको सिनेमा के क्षेत्र में कुछ करना है, तो कुरुक्षेत्र में तो उतरना ही पड़ेगा। मैं उतर पड़ा सहायक निर्देशक के रूप में। मैंने कल हो न हो से असिस्टेंट डायरेक्टर का काम करना शुरू किया। मैंने सलाम-ए-इश्क और नो एंट्री में असिस्ट किया था और अब जिंदगी ऐसे घूम कर आ गई है कि मैं नो एंट्री 2 में अभिनय करने वाला हूं। क्राफ्ट के प्रति मेरा पैशन के कारण ही मुझे यहां डाला गया कि मैं सिनेमा की बारीकियों को समझ सकूं। फिल्म निर्माण बहुत ही पेचीदा प्रक्रिया है। सबसे बड़ी बात ये है कि फिल्म के एक विचार के साथ पूरा कास्ट और क्रू एक साथ आगे बढ़ता है। लोगों को शोहरत और लोकप्रियता दिखती है, मगर जो एक मेहनत होती है, वो नहीं दिख पाती।

### आज की जनरेशन पर सोशल मीडिया का बहुत प्रेशर है

बीते वक्तों में अर्जुन एक तरफ ऑटोइम्यून डिसऑर्डर से गुजरे तो निजी जिंदगी में ब्रेकअप का सामना भी किया। बहुत पहले ही वे अपनी मां को भी गंवा चुके थे। मगर उनका मानना है कि उनकी जिंदगी के उतार-चढ़ावों ने उन्हें मजबूत बनाया। वे कहते हैं, अगर जिंदगी में सबकुछ सुलझ जाए, तो जीवन बहुत बोरिंग हो जाएगा। मेरी जिंदगी में काफी ऊंच-नीच हुई है। आपके साथ जब कुछ बुरा हो रहा होता है, तो आप उसे एक बाधा के रूप में देख कर ये सोच सकते हो कि ऐसा मेरे क्यों हो रहा है? मैंने ऐसा क्या किया? आप हालात या लोगों को दोष दे सकते हैं, जो आम तौर पर होता है और आज की जनरेशन में तो ज्यादा ही होता है, क्योंकि आज सोशल मीडिया का प्रेशर बहुत ज्यादा होता है। आप लोगों की कामयाबी देखते हैं।